Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News

सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...

# घटती घटना

RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022

अम्बिकापुर, वर्ष 19,अंक -48 रविवार ,18 दिसम्बर 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

अक्ल पढ़ने-सुनने से नहीं आती अक्ल ठोकर खाने के बाद ही आती है।

-सुकरात

**पीएम मोदी पर अभद्र टिप्पणी**

# बिलावल भुट्टो के खिलाफ भाजपा का देश भर में उग्र प्रदर्शन




**नई दिल्ली,17 दिसम्बर 2022 (ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता को पड़ोसी देश पाकिस्तान पचा नहीं पा रहा और मोदी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी कर रहा है। पाकिस्तान के मंत्री बिलावल भुट्टो ने एक बार फिर कायराना हरकत करते हुए पीएम मोदी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की है। बिलावल भुट्टो के खिलाफ देश भर के भाजपाई देशव्यापी धरना-प्रदर्शन कर रही है। जम्मू कश्मीर से लेकर मुंबई तक बीजेपी कार्यकर्ता सड़क पर उतर कर पाकिस्तानी नेता के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

पीएम मोदी पर टिप्पणी को बीजेपी ने गिरी हुई हरकत बताया

बिलावल भुट्टो पर करारा प्रहार करते हुए भाजपा ने कहा कि पड़ोसी देश के विदेश मंत्री की गिरी हुई इस हरकत ने विश्व पटल पर पाकिस्तान की कलंक गाथा में एक नया अध्याय जोड़ दिया है । भाजपा ने कहा पाकिस्तानी विदेश मंत्री के शर्मनाक बयान के खिलाफ भाजपा देश भर में जोरदार धरना-प्रदर्शन करेगी. ये विरोध प्रदर्शन देश के सभी प्रदेशों की राजधानी में होंगे. भाजपा कार्यकर्ता पाकिस्तान और पाकिस्तानी विदेश मंत्री का पुतला जलाएंगे और पाकिस्तानी विदेश मंत्री के शर्मनाक बयान की कड़ी निंदा करेंगे।

### पाक उच्चायोग के करीब बीजेपी का विरोध प्रदर्शन

बिलावल भुट्टो की टिप्पणी के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं ने राजधानी दिल्ली स्थित पाक उच्चायोग के निकट प्रदर्शन किया। भाजपा ने कहा, हताश, निराश और दिवालिये पाकिस्तान के बचकाने विदेश मंत्री से और क्या उम्मीद की जा सकती है?

### हर मोर्चे पर उड़ रही पाकिस्तान की खिल्ली

भाजपा ने कहा कि एक ओर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विश्व पटल पर भारत की धाक जम रही है, वहीं दूसरी ओर हर मोर्चे पर पाकिस्तान की खिल्ली उड़ रही है । एक ओर भारत की विदेश नीति की सर्वत्र सराहना हो रही है, दूसरी ओर पाकिस्तान को छोटे से छोटा देश आंखें दिखा रहा है। क्या बिलावल भुट्टो की इतनी हैसियत है कि वह हमारे प्रधानमंत्री के खिलाफ इस तरह की टिप्पणी करे. बिलावल भुट्टो की गिरी हुई इस हरकत ने विश्व पटल पर पाकिस्तान की कलंक गाथा में एक नया अध्याय जोड़ दिया है।

### बिलावल भुट्टो ने पीएम मोदी के खिलाफ क्या दिया था बयान

बिलावल भुट्टो ने न्यूयॉर्क में कहा था कि ओसामा बिन लादेन मर चुका है पर बुचर ऑफ गुजरात जिंदा है. उसने आगे कहा, वो भारत का प्रधानमंत्री है । उसने कहा, जब तक वो प्रधानमंत्री नहीं बना था तब तक उसके अमेरिका आने पर पाबंदी थी. भुट्टो के इसी बयान पर भाजपा आज विरोध प्रदर्शन करेगी ।

## संक्षिप्त खबरें

### वीजा धोखाधड़ी के आरोप में 6 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज



**नई दिल्ली ,17 दिसम्बर 2022(ए)।** सीबीआई ने फ्रांस के दूतावास में वीजा धोखाधड़ी के आरोप में दिल्ली में फ्रांस दूतावास के वीजा विभाग में पूर्व में काम करने वाले दो व्यक्तियों सहित छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।सीबीआई के बयान के अनुसार दो आरोपियों ने पहले फ्रांस के दूतावास के वीजा विभाग में काम किया था, उन्होंने अन्य लोगों के साथ साजिश रची और एक जनवरी से 06 मई, 2022 की अवधि के दौरान वीजा धोखाधड़ी को अंजाम दिया।

### निर्वाचन कार्य में लापरवाही पर 28 कर्मचारी निलंबित




**जयपुर ,17 दिसम्बर 2022(ए)।** निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन नहीं करने और निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। किशनपोल विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी डॉ. राकेश मीणा ने बीएलओ ड्यूटी ज्वाइन नहीं करने वाले 28 कार्मिकों के निलंबन आदेश जारी किये हैं । राज्य निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार मतदाता सूचियों के त्रुटिरहित प्रकाशन, नवीन मतदाताओं के पंजीकरण, आधार कार्ड को एपिक कार्ड से लिंक करवाने इत्यादि कार्यों के लिए संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी है।

**25 वें ईजेडसी मीटिंग में बोले अमित शाह**

# पूर्वी क्षेत्र से खत्म हुआ नक्सलवाद

### जी-20 को लेकर किया खास आग्रह

**कोलकाता,17 दिसम्बर 2022(ए)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को 25वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने राज्यों के मुख्यमंत्रियों से अगले एक वर्ष के दौरान उनके राज्यों में आयोजित होने वाले जी-20 से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान अपने राज्यों की सांस्कृतिक विविधता और पर्यटन स्थलों को दुनिया के सामने प्रदर्शित करने का आग्रह किया।

गृह मंत्रालय के मुताबिक, अमित शाह ने कहा कि देश के पूर्वी क्षेत्र में वामपंथी उग्रवाद या नक्सलवाद लगभग समाप्त हो गया है। इस पर इस निर्णायक प्रभुत्व को बनाए रखने के प्रयास किए जाने चाहिए। यह इन राज्यों में फिर से उभरना नहीं चाहिए। यहां देश के अन्य हिस्सों के बराबर विकास होना चाहिए।



ड्रग्स के खिलाफ अभियान को और तेज करने की जरूरत%

केंद्रीय गृह मंत्री ने मुख्यमंत्रियों से आग्रह किया कि वे जिला स्तर पर एनसीओआरडी प्रणाली का निर्माण सुनिश्चित करें और नशीले पदार्थों के खिलाफ लड़ाई के लिए इसकी नियमित बैठक करें। आज देश में ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई निर्णायक चरण में है और एआई के जरिए ड्रग्स के खिलाफ अभियान को और तेज करने की जरूरत है।

### बैठक में इन मुद्दों पर हुई चर्चा

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में पश्चिम बंगाल सचिवालय में हुई 25वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में अवैध घुसपैठ, सीमा पार तस्करी और भारत-बांग्लादेश सीमा से जुड़े अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई।

### बैठक में शामिल हुए हेमंत सोरेन-तेजस्वी यादव

अधिकारी ने कहा कि 25वीं ईजेडसी बैठक में राज्यों के बीच परिवहन सुविधाओं और जल-बंटवारे पर भी बातचीत हुई, जिसमें मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, झारखंड के उनके समकक्ष हेमंत सोरेन, बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव और ओडिशा के मंत्री प्रदीप अमत ने भाग लिया।

### सुबह 11 बजे शुरू हुई बैठक

शाह परिषद के अध्यक्ष हैं। उनके साथ बैठक में गृह मंत्रालय के पांच अधिकारी भी मौजूद थे। बैठक सुबह 11 बजे शुरू हुआ और दो घंटे से थोड़ा अधिक समय तक चला।

### बैठक में नहीं पहुंचे नीतीश कुमार

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और ओडिशा के नवीन पटनायक शनिवार के सत्र में शामिल नहीं हुए। अधिकारी ने कहा कि बाद में शाह ने बंगाल की मुख्यमंत्री से सचिवालय की 14वीं मंजिल पर उनके कक्ष में मुलाकात की। बैठक में हिस्सा लेने के बाद शाह असम के लिए रवाना हो गए है।

## जीएसटी कौंसिल की बैठक संपन्न

**जीएसटी से जुड़े कानून अब नहीं रहेंगे अपराध की श्रेणी में शामिल**

**नई दिल्ली,17 दिसम्बर 2022(ए)।** जीएसटी परिषद की 48वीं बैठक आज वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नेतृत्व समाप्त हुई। दिल्ली में वर्चुअल मोड के माध्यम से बैठक ली गयी है। बैठक के दौरान निर्मला सीतारमण ने कहा की कि जीएसटी परिषद् की बैठक के दौरान एजेंडा के 8 बिंदुओं को पूरा किया। जीओएम के दो मुद्दे थे जिन पर चर्चा करने की आवश्यकता थी लेकिन उन पर विचार नहीं किया जा सका ये तंबाकू और गुटखा पर क्षमता-आधारित कराधान और जीएसटी न्यायाधिकरण की स्थापना से संबंधित थे। बता दे की बैठक के बाद वित्त मंत्रालय को सूचित किया गया कि परिषद ने आपराधिक मुकदमा शुरू करने की सीमा को भी बढ़ाकर 2 करोड़ रुपये कर दिया। राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने बताया कि जीएसटी परिषद कुछ अपराधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने पर सहमत हो गई है और अभियोजन शुरू करने की सीमा को दोगुना कर 2 करोड़ रुपये कर दिया गया है।



उन्होंने कहा, किसी भी अधिकारी को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने से रोकने सहित कुछ अपराधों को कम करना, जीएसटी कानूनों के तहत किसी भी आपराधिक अपराध में अभियोजन शुरू करने के लिए कर राशि की सीमा को नकली चालान को छोड़कर सभी अपराधों के लिए 1 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 2 करोड़ कर दिया गया है। जीएसटी अधिनियम को अधिक करदाता-अनुकूल बनाने के लिए, जीएसटी परिषद ने उन दंडात्मक अपराधों को हटाने पर भी विचार किया जो पहले से ही तस्ज्ञ अधिनियम से भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत आते हैं।

## आज नौसेना में शामिल होगा मिसाइल विध्वंसक आईएनएस मोर्मूगाओ

**नई दिल्ली,17 दिसम्बर 2022(ए)।** भारत के खिलाफ पड़ोसी देशों द्वारा रची जा रही साजिश के परिणामस्वरूप युद्ध जैसी स्थिति निर्मित हो रही है। भारत इसका मुहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार है और लगातार अपनी ताकत को बढ़ा रहा है। हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की बढ़ती मौजूदगी के बीच अपनी समुद्री क्षमता को बढ़ावा देने के लिए स्वदेश निर्मित मिसाइल विध्वंसक 'आईएनएस मोर्मूगाओ' को रविवार को भारतीय नौसेना में शामिल किया जाएगा।



भारतीय नौसेना के अनुसार यह युद्धपोत दूरसंवेदी उपकरणों, आधुनिक रडार और सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल जैसी हथियार प्रणालियों से लैस है।

नौसेना ने बताया कि इस युद्धपोत की लंबाई 163 मीटर, चौड़ाई 17 मीटर तथा वजन 7,400 टन है। इसे भारत द्वारा निर्मित सबसे घातक युद्धपोतों में गिना जा सकता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुंबई में नौसेना डॉकयार्ड में पोत का जलावतरण करेंगे। पश्चिमी तट पर स्थित ऐतिहासिक गोवा बंदरगाह शहर के नाम पर मोर्मूगाओ नाम रखा गया है। संयोग से यह पोत पहली बार 19 दिसंबर, 2021 को समुद्र में उतरा था, जिस दिन पुर्तगाली शासन से गोवा की मुक्ति के 60 वर्ष पूरे हुये थे। चार 'विशाखापत्तनम' श्रेणी के विध्वंसकों में से दूसरे विध्वंसक को नौसेना में औपचारिक रूप से शामिल किया जायेगा।

इसकी डिजाइन भारतीय नौसेना के स्वदेशी संगठन ने तैयार की है तथा निर्माण मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड ने किया है। पोत को शक्तिशाली चार गैस टर्बाइन से गति मिलती है। पोत 30 समुद्री मील से अधिक की गति प्राप्त करने में सक्षम है। नौसेना ने कहा कि पोत की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं को देश में ही विकसित किया गया है तथा पोत में रॉकेट लॉन्चर, तारपीडो लॉन्चर और एसएडब्लू हेलीकॉप्टर की व्यवस्था है। पोत आणविक, जैविक और रासायनिक युद्ध परिस्थितियों के दौरान लड़ने में सक्षम है।

**सैनिकों से मिलने तवांग पहुंचे कानून मंत्री किरन**

# कहा-यह क्षेत्र अब पूरी तरह सुरक्षित है

**अरुणाचल प्रदेश ,17 दिसम्बर 2022(ए)।** कुछ दिन पहले भारत और चीन के बीच झड़प हुई थी। वहीं चीनी सेना से झड़प के बाद केंद्रीय कानून मंत्री किरन रिजिजू तवांग पहुंचे। जहां पर उन्होंने भारतीय सेना के जवानों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना के वीर जवानों की पर्याप्त तैनाती के कारण अरुणाचल प्रदेश के तवांग में यांग्त्से क्षेत्र अब पूरी तरह से सुरक्षित है।

कानून मंत्री किरण रिजिजू ने चीन और सेना पर टिप्पणियों के लिए राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह न केवल भारतीय सेना का अपमान कर रहे हैं, बल्कि देश की छवि भी बिगाड़ रहे हैं। इस बयानबाजी के बीच रिजिजू तवांग के उसी यांग्त्से क्षेत्र में पहुंचे हैं जहां पर भारतीय सैनिकों की चीनी सेना के साथ झड़प हुई थी।



रिजिजू ने यांग्त्से में भारतीय सेना के बहादुर सैनिकों के साथ एक तस्वीर भी ट्वीट की है।9 दिसंबर को 300 से अधिक चीनी सैनिक अरुणाचल के तवांग में 17 हजार फीट ऊंची चोटी पर कब्जे की फिराक में थे। चीनी सैनिकों ने जैसे ही टेम्परेरी वॉल पर लगी तारबंदी को तोड़कर भारतीय सीमा में घुसने की कोशिश की, मुस्तैद भारतीय सैनिकों ने उनको मुंहतोड़ जवाब दिया और उन्हें खदेड़ दिया।

## फिर बढ़े सीएनजी के दाम

**नई दिल्ली ,17 दिसम्बर 2022(ए)।** लोग महंगाई की मार से जूझ रहे है। वहीं इसी बीच दिल्ली में एक बार फिर सीएनजी महंगा हो गया है। बता दे की आज यानि शनिवार से दिल्ली में सीएनजी की नै कीमत लागू हो गयी है। दिल्ली में अब सीएनजी का भाव 79.56 प्रति किलो है।

यह नई दरें 17 दिसंबर, 2022 यानी शनिवार के दिन सुबह 6 बजे से लागू हो गई। दिल्ली में आज से सीएनजी के प्राइस में 95 पैसे प्रति किलो ) की बढ़ोतरी हुई है। पहले दिल्ली में सीएनजी 78.61 रुपये प्रति किलो बिक रही थी जो अब बढ़कर 79.56 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई।



## डीजल-पेट्रोल वाली पुराने वाहन मालिकों की बढ़ेगी परेशानी

**नई दिल्ली ,17 दिसम्बर 2022(ए)।** डीजल-पेट्रोल से चलने वाले वाहनों की संख्या अधिक होने के कारण राष्टीय राजधानी दिल्ली इन दिनों भारी प्रदूषण की चपेट में है और दिल्ली की हवा जहरीली हो गई है। प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए गौतम बुद्ध जिला के अपर जिलाधिकारी , प्रशासन नितिन मदान ने सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय विभाग के अधिकारियों को पुराने वाहनों के खिलाफ धीमी कार्रवाई को लेकर जमकर फटकार लगाई। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में मदान ने कहा कि जिले में पुराने वाहनों पर कार्रवाई की गति काफी धीमी है और अब तक सिर्फ 10 हजार पुराने वाहनों को सड़क से हटाया गया है, जबकि जिले में पुराने वाहनों की संख्या 1.54 लाख है, जिन्हें हटाया जाना है।

1.44 लाख वाहन अब भी सड़कों पर राष्टीय हरित अधिकरण के नियमों का उल्लंघन करके दौड़ रहे हैं। कलेक्ट्रेट के सभागार में शुक्रवार को आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपर जिलाधिकारी ने एआरटीओ विभाग के अधिकारियों को कार्रवाई में तेजी लाने का आदेश दिया।

उन्होंने कहा कि 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों पर कार्रवाई की समीक्षा की गई और अब तक केवल 10 हजार वाहनों को हटाने की कार्रवाई की गई है, जबकि जिले में 1.4 4 लाख पुराने वाहन अब भी सड़कों पर दौड़ रहे हैं। एडीएम ने बताया कि आरटीओ विभाग को पंजीकरण रद्द का तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, दुर्घटना के ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी स्कूलों में विद्यालय वाहन सुरक्षा समिति का गठन जरूरी है।

## तेलंगाना में घर में भीषण आग लगने से एक ही परिवार के 6 लोगों की जलने से मौत



**रामकृष्णपुर ,17 दिसम्बर 2022(ए)।** तेलंगाना के मंचेरियल में एक घर में भीषण आग लगने के कारण दो बच्चियों सहित 6 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक ये हादसा रामकृष्णपुर थाना क्षेत्र के वेंकटपुर गांव में हुआ है।

यहां भीषण आग में एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत के बाद पूरे क्षेत्र में मातम का माहौल है। घर में भीषण आग लगने की जानकारी पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी थी।

पुलिस के मुताबिक भीषण आग में मकान मालिक शिवय्या (50) और उसकी पत्नी पद्मा (45) की मौत हो गई। इसके अलावा आग में पद्मा की भतीजी मोनिका (23), मोनिका की दो बेटी और एक रिश्तेदार की मौत हो गई।

पुलिस के मुताबिक सभी लोग शिवय्या मंदमरी मंडल के वेंकटपुर में अपनी पत्नी के साथ घर पर रहते थे। हाल ही में मोनिका अपनी बेटियों के साथ शिवय्या के घर पर कुछ दिनों के लिए आई थी।शनिवार रात करीब 12 बजे पड़ोसियों ने शिवय्या के घर आग की लपटें देखी और फायर ब्रिगेड के साथ में पुलिस को खबर दी। जब फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची, तब तक आग के कारण पूरा घर जलकर खाक हो चुका था। घर के अंदर 6 लोगों की लाश पड़ी मिली। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया है। आग की वजह का अभी पता नहीं चल सका है।

# सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की बिलकिस बानो की याचिका

### 11 दोषियों की रिहाई पर पुनर्विचार करने से किया इंकार

**नई दिल्ली ,17 दिसम्बर 2022 (ए)।**

सुप्रीम कोर्ट ने 2002 के गुजरात दंगों की पीड़ित बिलकिस बानो द्वारा 11 दोषियों की रिहाई के खिलाफ दायर पुनर्विचार याचिका शनिवार को खारिज कर दी। बता दें कि बिलकिस बानो ने अपने साथ हुए गैंगरेप मामले में गुजरात सरकार द्वारा 11 दोषियों की सजा माफ किये जाने को चुनौती दी थी।



गुजरात सरकार ने मामले में सभी 11 दोषियों की सजा माफ कर दी थी और उन्हें इस साल 15 अगस्त को रिहा कर दिया गया था। बिलकिस बानो से गोधरा ट्रेन अग्निकांड के बाद हुए दंगों के दौरान सामूहिक बलात्कार किया गया था और उसके परिवार के सात सदस्यों की हत्या कर दी गई थी। घटना के वक्त बिलकिस बानो की उम्र 21 साल थी और वह पांच महीने की गर्भवती थी।

इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई और सुप्रीम कोर्ट ने मुकदमे की सुनवाई महाराष्ट्र की एक अदालत में स्थानांतरित दिया था। मुंबई की एक विशेष सीबीआई अदालत ने 21 जनवरी 2008 को 11 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। बाद में बंबई हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने भी उनकी सजा बरकरार रखी थी। मामले में दोषी ठहराए गए 11 लोग 15 अगस्त को गोधरा उप-जेल से रिहा हुए थे। गुजरात सरकार ने राज्य की सजा माफी नीति के तहत इन दोषियों को रिहा करने की अनुमति दी थी।

## संपादकीय

### 'मिशन 2024' में जीत की गारंटी बनेगा 'समान नागरिक संहिता' कानून

सुप्रीम कोर्ट और कई हाईकोर्ट काफी समय से अपने तमाम फैसलों के दौरान केंद्र सरकार से समान नागरिक संहिता लाने के लिए कह रहे थे। यह बात तो सबको पता थी, लेकिन केंद्र सरकार कानून बनाने की राह क्यों नहीं पकड़ रही थी, यह बात कम ही लोगों को समझ में आ रही थी। परंतु राज्यसभा में भाजपा के एक वरिष्ठ सांसद की ओर से निजी स्तर पर समान नागरिक संहिता विधेयक (यूसीसी) प्रस्तुत करके समान नागरिक संहिता पर गरम बहस छेड़ दी गयी है। यूसीसी का राज्यसभा में जैसा विरोध हुआ, उसका औचित्य समझना कठिन है, क्योंकि हमारे संविधान में भी समान नागरिक संहिता को आवश्यक बताया गया था।। इसके बाद भी यूसीसी का विरोध यही बताता है कि विपक्षी दल समान नागरिक संहिता पर बहस करने के लिए भी तैयार नहीं हैं। आखिर जिस समान नागरिक संहिता का उल्लेख संविधान के नीति निर्देशक तत्वों में है, उस पर संसद में बहस क्यों नहीं हो सकती और वह भी तब, जब निजी विधेयक पेश करने की एक परंपरा है? यह हास्यास्पद है कि कई विपक्षी सांसदों ने समान नागरिक संहिता विधेयक पेश करने की पहल को संविधान विरोधी बता दिया। इसे अंधविरोध और कुतर्क के अतिरिक्त और कुछ नहीं कहा जा सकता। भाजपा के राज्यसभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने 09 दिसंबर 2022 को राज्यसभा में प्राइवेट मैम्बर के तौर पर यूनिफॉर्म सिविल कोड (समान नागरिक संहिता) का प्रस्ताव पेश किया। यानी राज्यसभा में यह विधेयक सरकार द्वारा पेश नहीं किया गया है। बल्कि सांसद द्वारा निजी तौर पर इस प्रस्ताव को पेश किया गया था। इस मुद्दे पर भाजपा के रुख ने संकेत दिया है कि सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने जो बिल पेश किया उसका पार्टी का मौन समर्थन है। राजनीति के जानकार कहते हैं कि बीजेपी की नजर 2024 के आम चुनाव पर है और सदन के नेता पीयूष गोयल ने इस मुद्दे पर बोलते हुए कहा भी था कि यह सदस्य का वैध अधिकार है। उच्च सदन के कई सदस्यों ने स्वीकार किया है कि सत्ता पक्ष अवसर की तलाश कर रहा है और जब सदन में विपक्ष की संख्या कम थी तब विधेयक पेश किया गया। विधेयक पेश किये जाने के समय कांग्रेस के कुछ ही सदस्य उपस्थित थे। इस बारे में सूत्रों का कहना है कि हो सकता है कि कांग्रेस बिल का विरोध नहीं करना चाहती हो। संविधान के नीति निर्देशक तत्वों के तहत अनुच्छेद 44 बनाकर उसमें कहा भी गया है कि सरकार आगे चलकर समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में काम करेगी, लेकिन मीणा की तरफ से लाए गए समान नागरिक संहिता बिल का विपक्षी दलों ने विरोध शुरू कर दिया है। कांग्रेस, सपा और ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस ने बिल के खिलाफ आवाज उठाई, हालांकि बिल पेश करने की राह में वे रोड़े नहीं अटका सके।

## आशाओं के डोर



कमलेश झा
नगरपारा
बिहार

आशाओं के डोर में बंधे हुए हैं अपने ख्वाब।
मन हिचकोले ले रहे गढ़ते जा रहे मन में ख्वाब।।
संघर्ष भरी वो जीवन गाथा गुणते जा रहे हैं बारंबार।
कुछ अच्छा कर जाने की हसरत मन उठती है हर बार।।
समय दौड़ रहा पंख लगाकर दौड़ दौड़ हो रहा बेहाल।
जीवन का न लक्ष्य निर्धारित पड़ने लगा अब निढाल।।
ऊर्जा की ऊष्मा किरण बन आश बंधी बच्चों से आज।
उनकी उन्नति और तरक्की पर नजर टिकाए बैठे आप।।
पता नही ये कल का जीवन टीका रहेगा किसपर भार
अपने संजोए इस घरौंदे या खुला मिलेगा वृद्धाश्रम का द्वार।।
नही चाहता मखमली विस्तर नहीं चाहता पांच प्रकार।
इस मेहनत कस हाथों को तो दो रोटी और प्यार दरकार।।
उस चौराहे गुणा गणित कर विश्लेषण की होगी बात।
अपने कृत्यों को उलट पलट कर प्रश्न हल करने की बात।।
क्या खोया क्या पाया हमने इसपर करना होगा विचार।
पका फसल हम काट रहे है जैसा डाला बीज भंडार।।
आशा के इस भाव बवंडर मन पुलकित और स्वच्छ विचार।
मीठे फल की चाहत में अपने मन बज रहे सितार
अरुण किरण की लालिमा संग लाल हो रहे मन के भाव।
अपने इसी घरौंदे में सुखमय चलेगा यह जीवन नाव।।

## मोबाईल देवा



उदय किशोर साह
जयपुर बाँका बिहार

मोबाईल देवा तुम्हें प्रणाम
विज्ञान की अद्भुत वरदान
सीने में छुपा है बहु ज्ञान
जन जन में तेरी है सम्मान
पूरी दुनियाँ आँचल में समेटे
जग दिखलाते हो लेटे लेटे
गुगल ने दी है बहुत ही ज्ञान
देश दुनियाँ में है तेरा नाम
कैमरा कलकुलेटर से मुक्ति दाता
टीवी वीडीयो का भाग्य विधाता
गाना सुनना हो गया अब आसान
रेडियो हुई गुम भुला दी पहचान
मौसम के संग समय भी बतलाता
टंकण का भी तुम काम कर जाता
लिखना पढ़ना हो गया आसान
जग में है तुम बहूत ही महान
अखबार पढ़ाता सामाचार दिखाता
घर बैठे ही पेरिस ले जाकर घूमाता
ज्ञान विज्ञान की हो तुम अवतार
कैसे भूलेगा इन्सां तेरी चमत्कार
गूगल मीट पे बात भी करवाता
तन्हाई में साथ भी निभाता
मिलाते हो दूर दराज से बातें
जीवन की रंगीन हुई अब रातें
बच्चों की परियों की सुनाती कहानी
अद्भुत जीव है तुम्हारे जुवानी
ए बी सी डी का पाठ हुआ आसान
तुमने दी है एक नई सी पहचान

# आखिर क्यों हम जीवन के सर्वोत्तम को देख ही नहीं रहे?

हमारे जीवन का अन्य निःशुल्क रत्न हमारे चारों ओर प्रकृति है। हमारे पास सूरज है जो हर दिन एक नया सवेरा लाता है; उस सुबह को सुखद बनाने के लिए हमारे पास हरी-भरी चरागाहें हैं, हमें जगाने के लिए पक्षियों की चहचहाहट, जीवन की सुंदरता को देखने के लिए खिलते फूल और हमारी आंखों को सुकून देने के लिए बहता पानी। प्रकृति की यह प्राकृतिक सुंदरता पुरुषों के लिए सबसे प्यारी और सबसे प्यारी उपस्थिति है जो प्रशंसा करने के लिए एक उत्सुक पर्यवेक्षक के अलावा कुछ नहीं मांगती है। और सबसे खास बात यह है कि हमने अभी तक धरती पर इस स्वर्ग का आनंद लेने के लिए कुछ भी भुगतान नहीं किया है। लेकिन अब मूल्य बदल रहे हैं और पुरुष भी। पुरुष धन की ओर बढ़ रहे हैं और भौतिकवादी हो गए हैं। प्रेम, स्नेह, करुणा, सह-अस्तित्व और शांति की भावनाएँ अपना आधार खोती जा रही हैं।

ऐसा कहा जाता है कि जीवन वह है जो आप इसे बनाते हैं जैसे हम स्वयं अपने जीवन को स्वर्ग या नरक में बदल सकते हैं। क्या फर्क पड़ता है हमारे दृष्टिकोण से कि क्या हम कुएँ में मेंढक की तरह रह सकते हैं या हम अपने परिवेश के बारे में पर्याप्त रूप से सचेत हो सकते हैं। ईश्वर ने हमें एक सुखी और स्वस्थ जीवन के लिए बहुत सी सराहनीय सामग्री प्रदान की है और हमने स्वयं भी उसी जीवन की सहजता के लिए कुछ सामग्री तैयार की है। जहां पूर्व को अक्सर आसानी से उपेक्षित और कम आंका जाता है, लेकिन बाद वाला अलग होने पर बहुत अधिक दर्द देता है।

हम इस दुनिया में पहले से ही भेंट किए गए कुछ उपहारों के साथ आए थे और ये उम्मीद की जाती थी कि ये जीवन भर हमारे साथ रहेंगे। लेकिन क्या हम उन उपहारों के साथ आए थे? क्या हम उनके साथ चलेंगे? नहीं, ऐसा नहीं है कि इस दुनिया से हर कोई अकेला आता है और अकेला ही जाता है। हमने उन्हें अविभाज्य माना क्योंकि वे हमें तुरंत उपहार में दिए गए थे कि हम यह महसूस करने में विफल रहे कि वे हमारे साथ नहीं आए हैं बल्कि हमें अपने जीवन को खुशहाल और सार्थक बनाने के लिए दिए गए हैं। इस भौतिकवादी दुनिया का प्रसिद्ध मुहावरा है कि मुफ्त में कुछ भी नहीं मिलता। लेकिन ऐसा क्यों है? ऐसा इसलिए है क्योंकि अब प्राथमिकताएं बदल गई हैं और हमने अपने जीवन को बहुत आसान बना लिया है। अगर हमारी जेब में पैसा है और दुनिया को अपनी मौजूदगी का अहसास कराने की ताकत है तो इस दुनिया में सब कुछ हमारे पैरों के नीचे है। लेकिन कुछ सबसे मूलभूत और सबसे आवश्यक चीजें हैं जिन्हें दुनिया की कोई भी ताकत खरीद नहीं सकती है और न ही उन पर हावी हो सकती है। यहां तक कि इस ग्रह के सबसे धनी व्यक्ति के पास इतना धन नहीं है कि वह उनका स्वामी बन सके। लेकिन वे क्या हैं? वह सूची क्या है जिसमें ये सामर्थी चीज़ें हैं? क्या इसके लिए कोई सार्वभौमिक सूची है? नहीं, क्योंकि वे एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में भिन्न होते हैं। उनमें से सबसे आम हैं-सबसे पहले यह हमारा जीवन है जो सूची में आता है। हम अब सांस ले रहे हैं क्योंकि भगवान ने हमें इस दुनिया में आने के लिए बनाया है और इस अद्भुत अनुग्रह के लिए हमने उन्हें कुछ भी नहीं दिया है। इस नाटक के मंच में प्रवेश करने के बाद हमने दोस्तों और रिश्तेदारों की तरह संबंध बनाए लेकिन दो ऐसे व्यक्ति थे जिनसे हम आंख खोलने से पहले ही जैविक रूप से हमसे जुड़ गए थे। और वो हमारे माता-पिता ही थे जिन्होंने हमें सही और गलत में फर्क करना सिखाया और जीवन के एक-एक पल का सदुपयोग करने की प्रेरणा दी। हमारे परिवार के सदस्य दुनिया में हमारे लिए सबसे प्यारे व्यक्ति हैं और हमें उन पर गर्व है कि वे हमारे साथ हैं लेकिन कौन सा कागज प्रमाणित करता है कि हम उनके मालिक हैं या वे हमारे इस तरह के भुगतान के कारण हैं। दरअसल, वे हमारे साथ हैं क्योंकि हम उनके साथ रहने के लिए किस्मत में थे और भाग्य हमेशा स्वतंत्र होता है चाहे अच्छा हो या बुरा।

जीवन के मूल्य हमारे साथ थे जब हम पैदा हुए (और वे सबसे पवित्र थे) लेकिन उस समय हम उन्हें समझने के लिए बहुत छोटे थे और वे धीरे-धीरे हमारे आसपास के वातावरण के साथ बदल गए। जीवन का हमारा दर्शन हमारे परिवार और दोस्तों के साथ मिल गया, जिसके परिणामस्वरूप विचारधाराओं का एक नया सेट हमारे सभी बाद के फैसलों में हमारा मार्गदर्शन करता है। इसने एक को गांधी जैसा सबसे सम्मानित व्यक्ति बना दिया है और दूसरे को हिटलर जैसा सबसे अधिक आलोचनात्मक बना दिया है, लेकिन दोनों के पास सीखने के लिए कुछ मूल्य हैं क्योंकि एक ने अनुसरण करने का मार्ग दिखाया और दूसरे ने वह मार्ग दिखाया जो अनुसरण नहीं करना है। इसके बारे में सबसे आश्चर्यजनक बात यह है कि यह मुफ़्त है। यह हम पर निर्भर करता है कि हम क्या पा सकते हैं और क्या खो सकते हैं।

हमारे जीवन का अन्य निःशुल्क रत्न हमारे चारों ओर प्रकृति है। हमारे पास सूरज है जो हर दिन एक नया सवेरा लाता है; उस सुबह को सुखद बनाने के लिए हमारे पास हरी-भरी चरागाहें हैं, हमें जगाने के लिए पक्षियों की चहचहाहट, जीवन की सुंदरता को देखने के लिए खिलते फूल और हमारी आंखों को सुकून देने के लिए बहता पानी। प्रकृति की यह प्राकृतिक सुंदरता पुरुषों के लिए सबसे प्यारी और सबसे प्यारी उपस्थिति है जो प्रशंसा करने के लिए एक उत्सुक पर्यवेक्षक के अलावा कुछ नहीं मांगती है। और सबसे खास बात यह है कि हमने अभी तक धरती पर इस स्वर्ग का आनंद लेने के लिए कुछ भी भुगतान नहीं किया है।

मानव सर्वोत्तम संसाधन है क्योंकि वही अपने आसपास के पदार्थ को उत्पादक संसाधनों में बदलता है। यह सिर्फ उनके दिमाग में छुपी हुई स्किल एन टैलेंट की वजह से है। मनुष्य पृथ्वी पर सबसे बुद्धिमान प्राणी है। हम चांद पर पहुंच गए हैं, तेज संचार के नए तरीके हासिल कर लिए हैं और यहां तक कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भी विकसित कर लिया है। यह सब किस वजह से संभव हुआ? यह हमारा मस्तिष्क और विश्लेषणात्मक सोच है जिसने हमें जीवन के अब तक अनछुए क्षेत्रों का पता लगाने के लिए प्रेरित किया। और वह हुनर हमारे पास मुफ्त में आया। जीवन में आकर ही हमने उसे पैना किया है। हम एक बच्चे को देखते हैं जो कौटिल्य जितना बुद्धिमान है, एक लड़की जिसका आईक्यू आइंस्टीन से अधिक है और एक लड़का जिसने एक ऐसी घड़ी बनाई है जिसे गलती से बम समझ लिया गया था। वे सभी अपने जीवन के उत्पादक चरणों में हैं और किसी भी विश्व प्रसिद्ध विश्वविद्यालय से कोई परिष्कृत शिक्षा प्राप्त नहीं की है। यह सब उनकी जन्मजात प्रतिभा है जो उनके पास मुफ्त में आई है। हम सबमें भी ऐसी काबिलियत है लेकिन हमने उसे पहचाना नहीं और दुनिया को हम पर हैरत का अहसास कराने में नाकाम रहे।

विविधता जो हम अपने चारों ओर देखते हैं वह जीवन का मसाला है। हमारे पास हिमाच्छादित हिमालय, उपजाऊ जलोढ़ मैदान, खनिज समृद्ध प्रायद्वीपीय पठार, जैव विविधता से समृद्ध तटीय मैदान और पश्चिमी घाट और मारुस्थली अपनी चिलचिलाती गर्मी के साथ हैं। हमारे पास धर्मों, भाषाओं, त्योहारों, संगीत, नृत्य और नाटक आदि की व्यापक विविधता है। हमारे पास ऐसे कई मौसम हैं जो उनके आगमन और प्रस्थान में इतने समय के पाबंद हैं। बदलता मौसम हमारे जीवन में उत्साह लाता है और हमें अपनी जीवन शैली को अधिक अनुकूल बनाने और जीवन की विशालता को महसूस करने के लिए प्रेरित करता है।

लेकिन अब मूल्य बदल रहे हैं और पुरुष भी। पुरुष धन की ओर बढ़ रहे हैं और भौतिकवादी हो गए हैं। प्रेम, स्नेह, करुणा, सह-अस्तित्व और शांति की भावनाएँ अपना आधार खोती जा रही हैं। यह सच है कि हम भाग्यशाली हैं कि हमारे जन्म से ही हमारे पास कुछ मूल्यवान चीजें हैं और हमारी आखिरी सांस तक हमारे पास होने की संभावना है, लेकिन केवल अगर हम उनकी उपयोगिता को समझते हुए उन्हें संरक्षित कर सकते हैं। अगर हम उन्हें हल्के में लेने लगे तो परिणाम विनाशकारी होंगे। और तब यह मुहावरा सच हो जाएगा

**ना बाप बड़ा ना भईया,**
**सबसे बड़ा रुपैया...**



प्रियंका सौरभ
आर्यनगर,हिसार
हरियाणा

# धार्मिक भेदभाव:लैंगिक प्रपंचो में फँसी नारी

जंजीर तो जंजीर होती है गुलामी की हो या पुरुष के द्वारा किए गए शोषण की औरत दोनों को सह लेती है पर यह ना दिखने वाली एक ऐसी कड़ी होती है जिसकी लगाम औरत के हाथ में तो होती है पर जिस से प्रभावित होता है यह पूरा परिवार वह है धर्म। जिसे वह चाह कर भी नहीं छोड़ पाती जब तक औरत खुद नहीं उठेगी धर्म के बिचौलिए इसी तरह मनमानी करते रहेंगे। धर्म के कारण दुनिया भर की औरतों की बदहाली की खबरों से अखबार, टीवी, रेडियो भरे रहते हैं। औरत को जानवरों की तरह खरीदने बेचने व संपत्ति मानने की सीख धर्म से ही निकली है। यह सिलसिला सदियों से चला रहा है अनगिनत अंधे रीति-रिवाजों के कारण औरतों की दुर्दशा हो रही है दुनियाँ भर के मजहबी कट्टरपंथी अंधे रिवाजों को पाल पोस रहे हैं महिलाओं को उसमें फँसाए रखने के लिए तरह-तरह चालबाजी कर रहे है। धार्मिक आधार पर शोषण के मानदंड के विरुद्ध दुनियाँ भर की मानवाधिकार संगठन आवाज उठाते रहते हैं यह संगठन एकजुट होकर धर्म, जाति, वर्ग भेदभाव के नाम से अत्याचारों को लेकर जनजागृति का वातावरण तैयार करने के लिए विरोध दिवस मनाते हैं। दुनियाँ भर की खबरों में ऐसे कानून बदलने और खत्म करने की मांग की गई है।

जब जब औरत अत्याचारों के खिलाफ कुछ आवाज उठाना चाहती है तब तब उनका मुंह बंद कर दिया जाता है। अपने पतियों से परेशान होकर औरतें तलाक मांगने की हिम्मत करती है तो उनकी हत्या कर दी जाती है। यदि कोई लड़की अपनी मर्जी से शादी करती है और उसके साथ खुश रहती है तो समाज की मानसिक विकृतियों के कारण वह तिरस्कृत कर दी जाती है जिसे सभी प्रकार के कानून और धर्म ने इसे जायज बना दिया हैं। खानदानी मान मर्यादा के नाम पर औरतों पर होने वाली हिंसा भारत के अलावा देश के कई हिस्सों में पाई जाती है। जम्मू कश्मीर में बुर्का पहनने का फतवा जारी किया गया है, कुरान में पर्दा रखना औरतों के लिए जरूरी बताया गया है, बलात्कारियों को पत्थर मार मार कर मौत की सजा देने का भी प्रावधान है। धार्मिक कुप्रथा की शिकार यह औरतें मुस्लिम देशों में धार्मिक आदेशों की अवहेलना करने की हिम्मत करती हैं तो इन्हें जान से मार दिया जाता है और इस पर वहाँ की सरकार कुछ नहीं करती। धर्म के नाम पर मोक्ष की चाह में देश के विभिन्न भागों में वृंदावन आकर रहने वाली विधवाओं के देह शोषण




भिक्षावृत्ति की खबरें किसी से छिपी नहीं है। पपुआ न्यू गिनी भारत सहित दुनियाँ के कई देशों में चुड़ैल जादू टोना करने वाली डायन के नाम पर औरतों को जान से मारने की प्रथा आज भी कायम है। ऐसे कई देश है जहां धर्म की आड़ पर चर्च में रहने वाली ननों के साथ भी बलात्कार किया जाता रहा है। संयुक्त अरब देश मे औरतें धार्मिक भेदभाव का शिकार होती है यहाँ विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए लड़कियों के सेकेंडरी में 70त्न अंक होना जरूरी है जबकि लड़कों के लिए केवल 60त्न! यहां औरतों की तादाद पुरुषों से ज्यादा है। अफगानिस्तान में तालिबान सरकार ने स्कूलों और कॉलेजों में महिलाओं के जाने पर रोक लगा दी थी थी और उन्हें बुर्का पहने पर मजबूर कर दिया था। पाकिस्तान में भी बंटवारे में संपत्ति के लेकर लड़कियों शादी नहीं की जाती। ऐसी लड़कियों का विवाह कुरान के साथ कर दिया जाता है। भारत में देवता के साथ शादी की देवदासी प्रथा आज भी है देवदासियों का दैहिक शोषण मंदिर के पंडे पुजारी और इलाके के रईस लोग करते हैं। सती प्रथा की मानसिकता आज भी जिंदा है पति की मृत्यु के बाद विधवा को जीने का हक धर्म ने नहीं दिया है। इस तरह की घटनाओं से जाहिर है कि दुनियाँ भर की औरतें धर्म के नाम पर किस तरह पीड़ित और शोषित है। कुछ ऐसे रीति-रिवाज ऐसे कानूनों के विरुद्ध कुछ भी सुनना नहीं चाहते हैं। औरतों को पुरुषों की निजी संपत्ति संपत्ति आज भी तुर्क देशों में माना जाता है यदि गांव में कोई मर जाता है या सूख कर दुबला पतला हो जाता है उस पर किसी औरत द्वारा जादू टोना करके और उस औरत के चुड़ैल होने पर संदेह जता कर उसे मार दिया जाता है। कहीं-कहीं पंचायत द्वारा भी यह फैसला होता है कि उसे जान से मारा जाए या और कोई सजा दी जाए, औरतों को पेड़ से लटका कर, जलाकर नदी में डुबोकर मारा जाता है या ट्रक के पीछे बांधकर मीलों घसीट कर मार दिया जाता है। इस तरह की घटना दूरदराज के आदिवासी इलाकों में होती है जहां से पुलिस का पहुंचना मुश्किल है और यदि पुलिस जांच के लिए आती है तो लोग यह जुबान नहीं खोलते।

अफसोस की बात है कि दुनियाँ भर की औरतें धर्म के मोहपाश में बँधी हुई है इसी वजह से वह धर्म की जंजीरों में जकड़ी रहती है वह अपने धर्म के आदेशों से हटकर काम नहीं करना चाहती हैं वे इन जंजीरों को तोड़ना भी नहीं चाहती हैं और यदि औरत दुस्साहस करें तो मौत का फतवा जारी कर दिया जाता है और औरत को नरक व पापों का भय दिखाकर धर्म और उसके कानूनों पर अंधी आस्था रखने वाली बना दिया जाता है। परिवार की धुरी माने जाने वाली औरतें अगर इन के अंधविश्वास, चमत्कार के चंगुल में फँसी रही तो बाकी परिवार कहाँ जाएगा इसलिए मक्कार वा लंपट लोगों ने औरतों पर धर्म की लगाम द्वारा शिकंजा कसा। आज अपराधियों की बजाए दुनिया के तांत्रिकों, ओझा, साधु संन्यासियों ने औरत को शिकार बनाया है यह लोग बलात्कार देह शोषण हत्या में ज्यादातर शामिल होते हैं। दुनियाँ भर की औरतों के लिए सबसे बड़ा बंधन धर्म और उसकी परंपराएं हैं और वह अगर मुक्ति चाहती हैं तो धर्म के खिलाफ उसे खड़ा होना चाहिए। इन तरह अंधविश्वासों का पर्दाफाश करना चाहिए जिसमें तरह-तरह की विधि विधान द्वारा उसे बंधक बना दिया जाता है! उस जंजीरों को तोड़ कर वास्तविकता को महत्व देना चाहिए।



पूजा गुप्ता
मिर्जापुर उत्तर प्रदेश

# हद हो गई बेशर्मी की

. जब से पाकिस्तान बना है कश्मीर समस्या के कारण दोनों देशों में वैमनस्य, घृणा तथा युद्ध का सिलसिला अभी तक जारी है! जब भारत का विभाजन हुआ तो पाकिस्तान का मानना था कि क्योंकि यह एक मुस्लिम बाहुल्य प्रदेश है इसलिए इसका विलय पाकिस्तान के साथ ही होना चाहिए! लेकिन जम्मू कश्मीर के महाराजा हरि सिंह ने अंततः इस प्रदेश को भारत में ही विलय के लिए हस्ताक्षर कर दिए ! तभी से पाकिस्तान दोनों देशों की जम्मू कश्मीर से लगती सीमा से आक्रमण करता रहा है, आतंकवादियों को भेज कर तोड़फोड़ करवाता रहा है, वहां के लोगों को भारत के खिलाफ भड़काता रहा है और चीन से मदद लेकर भारत के लिए परेशानियां भी खड़ी करता रहा है! पहले पाकिस्तान ने 1965 में भारत पर आक्रमण किया, भारत के प्रधानमंत्री, श्री लाल बहादुर शास्त्री थे, के नेतृत्व में भारतीय सेना ने पाकिस्तान को मुंह तोड़ करारा जवाब दिया! फिर 1971 में एक बार फिर पाकिस्तान ने भारत पर आक्रमण किया, तब भारत की प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी थी, उनके नेतृत्व में भारतीय सेना ने ना केवल पूर्वी पाकिस्तान को आजाद कराकर एक नया देश, बांग्लादेश बना दिया बल्कि पाकिस्तान के कुछ इलाकों पर भी कब्जा कर लिया! तब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री, भुट्टो और भारत के प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के बीच आपसी समस्याओं को शांत मई ढंग से निपटाने के लिए शिमला समझौता हुआ और भारत ने पाकिस्तान के कब्जे में लिए क्षेत्र वापस लौटा दिए! दोनों देशों में शांति स्थापित करने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री, श्री अटल बिहारी वाजपेई, पाकिस्तान में बस यात्रा करके गए लेकिन इसके बावजूद भी दोनों देशों में शांति स्थापित नहीं हो सकी! 1990 में पाकिस्तान के सैनिक तानाशाह, परवेज मुशर्रफ के नेतृत्व में पाकिस्तान की सेना ने कारगिल पर हमला कर दिया जिसका जवाब भारत के वीर सैनिकों ने मुंह तोड़ कर दिया! इस तरह बार-बार हार कर पाकिस्तान के नेता हताश होकर भारत के खिलाफ जहर उगलते रहते हैं! अगर देखा जाए तो पाकिस्तान की कश्मीर पर कब्जा करने की इच्छा ने पाकिस्तान को बर्बाद और कंगाल कर दिया! भारत ने जहां बड़े पैमाने पर आर्थिक, सामाजिक तथा सैनिक विकास किया है वहां पाकिस्तान के लिए अपना अस्तित्व बनाए रखना भी कठिन हो रहा है! ऐसे में पाकिस्तान के विदेश मंत्री, बिलावल भुट्टो द्वारा संयुक्त राष्ट में भारत के प्रधानमंत्री, नरेंद्र मोदी, आर एस एस तथा कश्मीर को लेकर अभद्र टिप्पणी ना केवल मर्यादा भंग करने, बल्कि ओछी मानसिकता का द्योतक है! बिलावल भुट्टो की यह शर्मनाक टिप्पणी पाकिस्तानी सोच का एक नया... निम्नस्तर.. है! विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता, अरिंदम बागची ने न्यूयॉर्क में दिए गए बयान को लेकर कल के दूध पीते बच्चे. पाकिस्तान के विदेश मंत्री, बिलावल भुट्टो को कहां कि क्या अच्छा होता अगर वह अपनी कुंठा को पाकिस्तान में आतंकवादी संगठनों को नियंत्रित करने के लिए निकालते! पाकिस्तान आतंकवाद की जननी है! आतंकवाद को बढ़ावा देने के कारण अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने इसे आर्थिक तथा सैनिक सहायता देनी बंद कर दी थी! अब भी विश्व के किसी भी भाग में कोई आतंकवादी घटना होती है तो उसमें पाकिस्तानी जरूर शामिल होते हैं! पाकिस्तान आतंकवादियों की पनाहगाह है! तभी तो अमेरिका की पूर्व विदेश मंत्री, हिलेरी क्लिंटन ने पाकिस्तान के बारे में कहा था.... अगर आप सांप पालोगे तो एक न एक दिन वो आपको काटेंगे ही! तभी तो पाकिस्तान में भी उन्हीं आतंकवादियों द्वारा अलग-अलग स्थानों पर आतंकवादी गतिविधियां जोर पकड़ रही हैं जिन आतंकवादियों को पाकिस्तान ने औरों के लिए पाला था! आज तक का खूंखार आतंकवादी, लादेन पाकिस्तान में ही सेना के संरक्षण में अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी गतिविधियां चला रहा था जबकि अमेरिकी सेना ने घात लगाकर उसे यमलोक पहुंचा दिया! अभी भी पाकिस्तान में भारत द्वारा वांछित जकी उर रहमान लखवी, हाफिज सईद, मसूद अजहर, साजिद मीर और दाऊद इब्राहिम जैसे कई आतंकवादी हैं जो वहां सरकारी संरक्षण में आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे हैं और भारत में जम्मू कश्मीर तथा अन्य भागों में तोड़फोड़ की गतिविधियों में संलिप्त हैं! भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिना बुलाए पाकिस्तान में जाकर दोनों देशों में शांति स्थापित करने के लिए वहां के पूर्व प्रधानमंत्री, नवाज शरीफ से भेंट की! शांति स्थापित करने के हमारे इस मंसूबे को लात मारकर बिलावल भुट्टो द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करना शर्मनाक है! इसका मुंहतोड़ जवाब भारत के विदेश मंत्री, जयशंकर ने पहले ही दे दिया है! पाकिस्तान की हरकतों की वजह से अफगानिस्तान के तालिबानी, कई अरब देश तथा चीन भी उस से दूरी बनाने लगे हैं! नए-नए अनसिखिए विदेश मंत्री बने बिलावल भुट्टो को कूटनीति तथा विदेश नीति का एक अक्षर भी पता नहीं और चले हैं भारत के खिलाफ मुंहफट बयान देने! अगर देखा जाए तो कश्मीर समस्या ने अधिकांश पाकिस्तानी शासकों के दिलो-दिमाग में भारत के खिलाफ जहर भर दिया है जिसे दूर किए बिना भारत तथा पाकिस्तान में संबंध सामान्य नहीं हो सकते!

पाकिस्तान को यह देर सवेर समझना होगा कि भारतीय कश्मीर पर तो वह कब्जा नहीं कर सकता लेकिन हां पीओके में जो पाकिस्तान के खिलाफ विरोध, बगावत तथा असंतोष बढ़ता ही जा रहा है, कहीं ये लोग भारत के साथ मिलने के लिए ही पाकिस्तान के खिलाफ बगावत ना कर दें! वैसे हमारा पीओके पर दावा बरकरार है! यह पाकिस्तान के हित में ही है कि वह भारत के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों पर विराम लगाएं, भारत के खिलाफ देश विदेश के संगठनों में कश्मीर का राग अलापना बंद करें और भारत की तरफ शांति का हाथ बढ़ाएं!



शाम लाल कौशल
रोहतक
हरियाणा

# तानाशाही से जनता को दबाया नहीं जा सकता


दार्शनिक और वैज्ञानिक अनुसंधान के प्रवर्तक नोबेल पुरुस्कार विजेता नील्स बोर का कथन के मुताबिक तानाशाही का सबसे जोरदार हथियार है गोपनीयता, लेकिन लोकतंत्र का सबसे असरदार हथियार है खुलापन। ईरान, चीन, म्यांमार, थाइलैंड और सूडान में हुए विरोध प्रदर्शन इस बात का प्रमाण हैं कि सूचनाओं के जरिए ई विलेज बनती दुनिया में कठोर कानून या तानाशाही से आम अवाम की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। ये सभी देश नागरिक अधिकारों के उत्पीड़न के लिए बदनाम हैं। एमनेस्टी इंटरनेशनल की वर्ष 2021 की रिपोर्ट के मुताबिक फांसी देने के मामले में चीन और ईरान दुनियां के शीर्ष देश हैं। चीन ने करीब एक हजार और ईरान ने करीब 314 लोगों को फांसी दी गई।

इन देशों में लोगों के खिलाफ किए जा रहे उत्पीड़न से यह भी साबित होता है कि बदले हुए हालात में बंदूकों की नोंक पर लंबी अवधि तक मानवाधिकारों को राष्ट्रीय एकता-अखंडता, संस्कृति या धर्म के नाम पर दबाया नहीं जा सकता। यही वजह रही आखिरकार ईरान और चीन जैसे कट्टर देशों की सरकार ने भारी खून-खराबे के बाद आंदोलनकारियों के आक्रोश के सामने झुकते हुए उनकी मांगे मंजूर कर ली। इन देशों में सरकार के खिलाफ बोलने, संस्कृति और धर्म के नाम पर फांसी की सजा दिया जाना आम बात है। किन्तु इस बार हुए अपनी मांगों को लेकर आंदोलन करने वाले लोगों को जेल या फांसी का डर भी नहीं डरा सका। ईरान ने भारी दबाव में आकर मोरैलिटी पुलिस को भंग कर दिया। इसी तरह चीन भी 70 सालों में पहली बार आंदोलनकारियों के सामने झुकते हुए कोविड में प्रतिबंधों में छूट देने के लिए सहमत हो गया।

गौरतलब है कि ईरान में इस्लाम से जुड़े नियमों जैसे कि हिजाब, बुर्का आदि का पालन कराने के लिए मोरैलिटी पुलिस बनाई गई। इसका गठन पूर्व मेहमूदक अहमदीनेजाद के समय में किया गया था जो ईरान के एक कट्टरपंथी नेता और राष्ट्रपति के तौर पर जाने जाते हैं। उस दौर में इसका काम हिजाब की संस्कृति को बढ़ाने का था। सफेद और हरे रंग की वैन से चलने वाली इस पुलिस के कर्मचारी कहीं पर भी महिलाओं को टोकते दिख जाते। कई बार इस रोक-टोक ने हिंसक का रूप ले लिया। ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जब महिलाओं को उनके हिजाब को लेकर सरेआम बुरी तरह मारा-पीटा गया। जेलों में बंद करके लोगों को यंत्रणाएं दी गई। ऐसा ही मामला बुर्के से चेहरा नहीं ढकने वाली महसा अमीनी का था। अमीनी की मौत से भड़की आक्रोश की चिंगारी ने दावानल का रूप धारण कर लिया। विरोध का यह मुद्दा न सिर्फ ईरान में बल्कि पूरे विश्व में फैल गया। कई देशों की महिलाओं और हस्तियों ने सार्वजनिक तौर पर बाल कटवा कर ईरान का विरोध किया। ईरान ने इस आंदोलन को दबाने के लिए हर तरह के हथकंडों का इस्तेमाल किया। हजारों लोगों के खिलाफ मुकदमें दर्ज किए गए। प्रदर्शनकारियों पर गोलियां बरसाई गई। ईरान में सुरक्षा बलों के हाथों करीब 380 प्रदर्शनकारी मारे गए। मृतकों में 47 बच्चे भी शामिल हैं।

-योगेन्द्र योगी-


## बेनाम



पुष्पा स्वाती
मुम्बई

इस तरह से ऐसे ,बेनाम होना चाहते हैं ।
यूं तुम्हारे नाम में ,तमाम होना चाहते हैं ।
न कोई वज़ूद हो ,अपना न हो पहचान ,
डूब जाउं तुझमें बस ,बनके यूं हीं अंजान ,
इस तरहसे इश्क का ,अंजाम होना चाहते हैं।
कहां मीरा कहां हम हैं ,न उनका नाम यूं लेना ,
रहें बस बावरी से हम तार्रुफ़ हो न हो तुलना ,
बस कदम की धूल से , यूं काम लेना चाहते हैं ।
नहीं देखा कभी उसको, यूं चलते बात यूं करते,
तुम्हारे रुप मे उसकी ,झलक आभास हम पाते,
तनहां मुश्किल राहों पे , मक़ाम पाना चाहते हैं ।

## घर बना लूँ



प्रियंका अग्निहोत्री गीत
वाराणसी उत्तरप्रदेश

ये आंखें ढूंढती हैं किसको जाना,आज़मा लूँ क्या
बसी हूँ मैं ही इनमें है पता,
यहाँ घर बना लूँ क्या
मेरे दिल के ये दरवाज़े तुम्हारी राह तकते हैं
कभी इक शाम के ढलते
यूँ ही तुमको बुला लूँ क्या
जो आओ तुम हमें मिलने तो कोई बात बन जाये
बताओ आते हो दिल में
तो फिर महफ़िल सजा लूँ क्या
हुए हो तुम अज़ीम हमको
तुम्हें इसकी ख़बर तो है
क़रीब आओ ज़रा हमदम मेरे
तुमको लुभा लूँ क्या
न जाने क्यों ख़फ़ा हो
तुम बड़े मायूस लगते हो
कहो कुछ गीत गा कर मैं
अभी तुमको मना लूँ क्या


## गुलमोहर



ओमप्रकाश बिन्जवे राजसागर
भोपाल,मध्यप्रदेश

फिर ढूंढ लाओ वही गुलमोहर वाला मौसम।
हदे निगाह हरे भरे शजर वाला मौसम।
नदी की रेत में ढूंढते थे मिल के सीपियाँ,
अब कहाँ रंग बिरंगे पत्थर वाला मौसम।
गुड्डे गुडियों की शादी, वो सजी सजाई बरातें,
याद आते है बहुत घर घर वाला मौसम।
उन दिनों हम कितने खुश थे और अमीर भी,
कागज के जहाज और लश्कर वाला मौसम।
सीमेंट के जंगलों में कौन याद करे अब,
उँचे पहाड ,घास फूस के छप्पर वाला मौसम।

## ये लोग...



आशीष शर्मा अमृत
जयपुर, राजस्थान

हर चीज को खैरात मान बैठे हैं लोग
हर एक चीज पर हक अपना जताते हैं लोग
रफ्ता रफ्ता उड़ना सीखा है इन परिंदों ने अभी
हक आसमान पर क्यों जता देते हैं लोग?
शुक्र है कि समुंदर का पानी खारा है अभी
वरना एक एक बूंद के लिए मोहताज करा देते ये लोग
हर एक इंसान अपने आप में मुकम्मल है य
क्यों अपना जैसा दूसरों को बनाना चाहते हैं लोग?
हर एक चीज को अपना मान बैठे हैं लोग में
औरत भी हक रखती है बराबरी का इस दौरमें
क्यूँ अपने से कम इन को आंकते हैं लोग?
अपना अहम जिल्लत और गुस्सा
इन्हीं पर निकालते हैं लोग
हर एक चीज को खैरात मान बैठे हैं लोग

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# चक्रवाती तूफान की सक्रियता हटते 4 दिन के अंदर 7 डिग्री गिरा पारा

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 17 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

चक्रवाती तूफान के प्रभाव के कारण आसमान में बादल छाए रहने से न्यूनतम तापमान में लगातार वृद्धी दर्ज की गई थी। तापमान बढ़कर 15 डिग्री तक पहुंच चुका था। लोग मार्च-अप्रैल की मौसम की तरह महसूस कर रहे थे। पर चक्रवाती तूफान निष्प्रभावी होने के साथ अब एक बार फिर से उत्तर, पश्चिम- उत्तर की हवाओं से तापमान में गिरावट आने लगी है। इस समय पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड सहित उत्तरी राजस्थान में शीत लहरें चल रही है। इन क्षेत्रों से आने वाली शुष्क ठंडी हवाओं का प्रभाव के कारण सरगुजा संभाग में भी असर दिखना शुरू हो गया है। शनिवार की पूरे दिन चल रही बर्फीली हवाओं के कारण लोगों को दिन में भी ठंड से राहत नहीं मिली। लोग पूरे दिन गर्म कपड़ों में नजर आए। शाम होते ही ठंड का और प्रभाव बढ़ गया। लोग ठिठुरन महसूस कर रहे थे। लोग राहत पाने के लिए अलाव का सहारा लेना पड़ा। अगले कुछ दिनों में सरगुजा संभाग में भी पड़ेगा। अगले दो -तीन दिनों में संभाग में न्यूनतम तापमानों में 3 से 4 डिग्री तक कि गिरावट की संभावना है। तापमान में लगातार आ रही गिरावट के कारण ठंड बढनी शुरू हो गई है। शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में ठंड का असर और ज्यादा है। सुबह हल्के कोहरे भी छाए रह रहे हैं। वहीं ठंड से राहत पाने के लिए लोग अलाव जलाकर तापते नजर आए। चक्रवाती तूफान के प्रभाव के कारण 13 दिसंबर को न्यूनतम तापमान 15.5 डिग्री तक पहुंच गया था। वहीं इसके बाद 4 दिन के अंदर तापमान में लगातर गिरावट आने लगी है। शनिवार को यहां का न्यूनतम तापमान 8.6 डिग्री दर्ज किया गया। सुबह से चल रही ठंडी हवा चलने से तापमान में और गिरावट होने की संभावना है।



### इस तरह गिरा तापमान

| दिनांक | तापमान |
|---|---|
| 13 दिसंबर | 15.5 डिग्री |
| 14 दिसंबर | 13.3 डिग्री |
| 15 दिसंबर | 12.7 डिग्री |
| 16 दिसंबर | 10.4 डिग्री |
| 17 दिसंबर | 8.06 डिग्री |



# अनोखी सोच संस्था ने छोटे बच्चों के बीच वितरण किया गर्म कपड़ा

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 17 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

विकासखंड सूरजपुर अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला कनकपुर में अध्ययनरत छोटे बच्चों को अनोखी सोच संस्था की तरफ से आज गर्म कपड़े बांटे गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधान पाठिका स्वर्णलता खलखो, सहायक शिक्षक जीवन्ति एक्का और अमित सोनी ने छोटे-छोटे बच्चों के मद्देनजर ठंड से उत्पन्न परिस्थितियों को अनोखी सोच संस्था प्रमुख सूर्य प्रकाश साहू को बताया। सदस्यों के साथ संस्था प्रमुख ने स्कूल पहुंच कर अध्ययनरत बच्चों को गर्म कपड़े बांटे और अच्छी पढ़ाई के लिए उनका हौसला बढ़ाया। संस्था अध्यक्ष सूर्य प्रकाश ने बताया कि हमारी संस्था जरूरतमंदों और बच्चों के लिए सदैव तत्पर है, आज स्कूल पहुंचकर बच्चों के लिए हमने गर्म कपड़े दिए जिससे हमारी संस्था से जुड़े सभी लोगों को बल मिला है, स्कूल प्रबंधन की ओर से हमें सम्मानित किया गया, शिक्षा के लिए स्कूल के टीचर्स बहुत अच्छा प्रयास कर रहे हैं हमारी संस्था इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है। इस अवसर पर अनोखी सोच संस्था के

पंकज चौधुरी, अभय साहू, चंद्रप्रताप सिंह, नितेश पांडेय, दिनेश गर्ग, सुनील साहू, भोला, सतीश, राजकुमार, सत्यम, गोपी, बनाफर, बिट्टू, अजय, नीरज, रोहित, विकास, गजानन, तरुण, संजय, देव और सावन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# जमीन रजिस्ट्री के नाम पर धोखाधड़ी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 17 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।



जमीन खरीद-बिक्र के नाम पर धोखधड़ी के मामले में मणिपुर चौकी पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी कन्हैयालाल पाण्डेय निवासी नमनाकला अम्बिकापुर द्वारा पुलिस अधीक्षक सरगुजा के समक्ष उपस्थित होकर जमीन बिक्री अनुबंध कर आरोपी गिरजा प्रसाद राजवाड़े साकिन जगदीशपुर द्वारा धोखाधड़ी कारित कर 7 लाख 76 हजार रूपय नगद लेकर जमीन की रजिस्ट्री नहीं किये जाने एवं रजिस्ट्री की रकम वापस नहीं करने की लिखित शिकायत किया गया था। मामले मे प्रार्थी कि शिकायत पर चौकी मणिपुर मे जांच पश्चात तत्काल धारा 420 अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना पाया गया कि आरोपी गिरजा प्रसाद राजवाड़े ग्राम जगदीशपुर के द्वारा ग्राम जगदीशपुर के अपने 8 डिसमिल भूमि को आवेदक कन्हैयालाल पाण्डेय को रूपये 8 लाख 40 हजार रूपये में विक्रय करने हेतु सौदा तय कर दोनो पक्षो के द्वारा नोटरी के माध्यम से अनुबंध पत्र तैयार कर नगद एवं चेक के माध्यम से कुल 7 लाख 76 हजार रुपये प्राप्त करने उपरान्त भी उक्त जमीन को कन्हैलाल पाण्डेय को रजिस्ट्री न कर धोखाधड़ी की घटना कारित किया गया हैं, प्रकरण सदर के आरोपी की घेराबंदी कर पकड़कर घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ करने पर प्रार्थी के साथ जमीन रजिस्ट्री के नाम पर धोखाधड़ी करना स्वीकार किया गया हैं, मामले के आरोपी गिरजा प्रसाद के विरूद्ध अपराध सबूत पाये जाने से आरोपी को गिरफतार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा जाता है। सम्पूर्ण कार्रवाई में चौकी प्रभारी मणिपुर उपनिरीक्षक सरफराज फिरदौसी, सहायक उपनिरिक्षक ललन गुप्ता प्रधान आरक्षक सतीश सिंह,महेश्वर सिंह, आरक्षक अलोक कुजूर, दिनेश यादव सक्रिय रहे।

# ट्रक से टकराए बाइक सवार एक युवक की मौत,दूसरे की हालत गंभीर



- संवाददाता -
अंबिकापुर, 17 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

बिलासपुर नेशनल हाईवे पर स्थित हंसडांड राइसमिल के समीप शुक्रवार की देर की शाम 7.30 बजे ट्रक और बाइक में आमने-सामने टक्कर हो गई थी। जिससे बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरे युवक की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक लखनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हंसडांड राइस मिल के समीप शुक्रवार की शाम लगभग 7.30 बजे ग्राम जजगा मंदिर से पूजा करके अपने गृह ग्राम बरढोढ़ी चौकी मणिपुर जा रहे बाइक सवार विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 04 एमए 3020 से आमने-सामने टक्कर हो गई। जिससे बाइक सवार युवक बलजीत दास उर्फ बलबीर पिता नैनदास उम्र 18 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरा युवक मोहनदास को गंभीर चोटें आई थी। जिसे उपचार के लिए लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया। यहां उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना पर मृतक के परिजन शनिवार को लखनपुर थाना पहुंचकर घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस दुर्घटनाकारी वाहन के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।


## राजीव युवा मितान क्लब के सृजन शिविर आज

अम्बिकापुर, 17 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

राजीव युवा मितान क्लब का जिला स्तरीय सृजन शिविर का आयोजन 18 दिसम्बर को राजमोहिनी देवी भवन में किया गया है। कार्यक्रम में स्वाथ्य मंत्री टीएस सिंह देव, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, सीजीएमएससी के अध्यक्ष डॉ. प्रीतम राम शामिल होंगे। युवा मितान क्लब के जिला संयोजक शैलेन्द्र प्रताप सिंह, अम्बिकापुर विधान सभा संयोजक नीतीश चौरसिया आयोजन की तैयारी में जुटे हैं। उन्होंने बताया शिविर का प्रथम सत्र सुबह 10.30 बजे से होगा। शिविर में जिले 52 शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के 439 राजीव युवा मितान क्लब के 13 हजार 657 युवा सदस्य भाग लेंगे।

# महिला गश्ती दल शहर की सड़कों पर लगातार कर रहीं निगरानी

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 17 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।



महिला गश्ती दल की उपस्थिति अब शहर की सड़कों पर प्रभावी रूप से नजर आने लगी है। गश्ती दल महिलाओं की सुरक्षा के साथ जागरूकता, जरुरतमंदो की सेवा में भी लगातार अपना योगदान देकर आमनागरिकों में सुरक्षा की भावना विकसित कर रही हैं। गत दिनों तालाब किनारे पड़े एक व्यक्ति को महिला गश्ती दल द्वारा सुरक्षित रूप से उसके घर पहुंचाया गया। महिला गश्ती दल स्कूल, कॉलेज, भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर लगातार भ्रमण कर संदेहियों पर नजर रख रहीं हैं एवं महिलाओं को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। शनिवार को महिला गश्ती दल घड़ी चौक, गांधी चौक, चौपाटी, पीजी कॉलेज, हॉली क्रॉस स्कूल, संजय पार्क एवं अन्य भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर महिला सुरक्षा एवं जागरूकता हेतु लगातार भ्रमण कीं। महिला गश्ती दल की भूमिका रविवार को होने वाले सरगुजा पुलिस के आयोजन वॉकथन में भी देखने को मिलेंगी। वॉकथन में महिलाओं एवं छात्राओं की सुरक्षा भी महिला गश्ती दल की प्रमुख जिम्मेदारी रहेगी।

# वॉकथान के लिए 10 हजार नागरिकों ने कराया ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन




- संवाददाता -
अंबिकापुर, 17 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस द्वारा महिलाओं, छात्राओं, आमनागरिकों को सुरक्षा संबंधी जानकारी एवं विधिक जानकारी से जागरूक करने के उद्देश्य से रविवार को को वॉकथान 5 किमी एवं 10 किमी मैराथन का आयोजन गाधी स्टेडियम से किया जायगा। 10 हजार से अधिक की संख्या में आमनागरिक रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। वॉकथान एवं मैराथन के दौरान चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था रखने हेतु पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। आमनागरिकों को कलाकेंद्र, सिविल कोर्ट के पीछे एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समीप वाहन पार्किंग की सुविधा की गई है।

# सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने पर सरगुजा कांग्रेस ने ग्रामीणों के बीच मनाया जश्न



अम्बिकापुर, 17 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने का जश्न कांग्रेस ने किसानों, मजदूरों और आम लोगों के साथ मनाया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता ने करजी और खैरबार धान खरीदी केंद्रों और करजी गोठान में ग्रामीणों के बीच सरकार की उपलब्धियों को बताया। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के साथ ही अपने वादे के अनुसार किसानोंके कर्ज माफ किया,25 सौ रुपये धान खरीदने में केंद्र सरकार के अड़ंगे के बाद भी 2640 प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदने की व्यवस्था की।4 साल पहले जिले सिर्फ 27 धान खरीदी केंद्र थे आज इनकी संख्या 47 हो चुकी है। स्वस्थ्य,शिक्षा और आधारभूत संरचनाओं के विकास की दिशा में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं।उन्होंने किसानों और पशु पालकों से उनकी समस्या पूछा और यथा सम्भव मौके पर ही निराकरण किया। उन्होंने करजी -जगदीशपुर-अम्बिकापुर और कंठी -जगदीश पुर निमार्णाधीन सड़क का निरीक्षण किया और गुणवत्ता के साथ तय समय पर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।कंठी से जगदीशपुर सड़क की मांग वर्षो पुरानी थी । करजी -जगदीशपुर सड़क बन जाने से दरिमा हवाई पट्टी के लिए प्रस्तावित नए बाइपास से एक और सड़क का विकल्प तैयार हो जाएगा।यह सड़क दर्जन भर गांव के हजारों लोगों जिला मुख्यालय से सीधे जोड़ेगी।इस दौरान जिला कांग्रेस के महामंत्री सैय्यद अख्तर हुसैन,आशीष वर्मा, अविनाश कुमार सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# न्यूज कवरेज करने गए इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार के साथ गाली-गलौज

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 17 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।



न्यूज क्वरेज करने गए इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के एक पत्रकार सुशील बखला के साथ एक व्यक्ति द्वारा मोबाइल पर गाली गलौज करने का मामला सामने आया है। पीड़ित पत्रकार ने इस मामले की शिकायत अजाक थाने में की है। जानकारी के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के एक पत्रकार शुक्रवार को ग्राम चिरगा में एल्यूमिना रिफाईनरी प्राइवेट लिमिटेड का विरोध कर रहे ग्रामीणों का न्यूज क्वरेज करने गया था। इस दौरान उक्त पत्रकार के मोबाइल पर मोबाइल नंबर 7000514323 फोन कर न्यूज कवरेज करने से मना करने व गाली गलौज किया गया। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार सुशील बखला ने अंबिकापुर निवासी कांग्रेसी नेता मो. इरफान सिद्दीकी के खिलाफ अजाक थाने में शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सुशील बाखला ने आरोप लगाया है कि वह रिपोटिंग का काम करता हूं। जिस तारतम्य में मेरे द्वारा दिनांक 16 दिसंबर को ग्राम चिरगा में ग्रामीणों के द्वारा एल्यूमिना रिफाईनरी प्रा0 लिमिटेड के विरोध में ग्रामीणों के द्वारा प्रदर्शन किया जा रहा था जिसकी सूचना मुझे प्राप्त हुई जिस पर मैं ग्राम चिरगा पहुंच कर ग्रामीणों के द्वारा किये जा रहे विरोध का मीडिया कवरेज कर रहा था एवं खबर बना रहा। था तभी समय 5 बजकर 17 मिनट पर मो0 नं0 7000514323 से मुझे फोन आया और मुझे बोला गया कहा हो तो मेरे द्वारा बताया गया कि मैं ग्राम चिरगा में हू तभी फोन करने वाले व्यक्ति के द्वारा मुझे गाली गलौज दिया जाने लगा और बोला गया कि वहां क्या कर रहा है वे, तुम्हारी ऐसी तैसी करेंगे बेटा, चुप रह भोसडी के मार खायेगा जूता खायेगा तू साला कुत्ते की औलाद, साले कुत्ते थाली के झूठा चाटने वाले हो तुम तुम्हारी औकात वही है तुम वहां से भागों नही तो साले जान से मरवा दूंगा। चूंकि मैं आदिवासी हूँ ये बात मोहम्मद ईरफान सिद्दीकी को विगत कई वर्षो से ज्ञात है।इसके आवाला ग्राम चिरगा से वापसी के दौरान दरिमा मोड के पास ईरफान सिद्दीकी के द्वारा मुझे रोका गया और मुझे जान से मारने की धमकी देते हुये यह कहा गया कि तुम मादर चोद भोसडी वाले आदिवासी हमारे यहां जूठन धोकर जीवन यापन करके हमसे बात करने की औकात रखने लगे।मुझे पूर्व में भी मो न0 700514323 जो कि मोहम्मद ईरफान सिद्दीकी का हूँ के द्वारा जान से मारने की धमकी एवं जातिगत गाली गलौज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# एसईसीएल के महान-1 खदान में मारपीट की घटना अंजाम देने वाले 2 और आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
सूरजपुर, 17 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।



दिनांक 15.12.2022 को एसईसीएल महान-1 खदान के सुरक्षा प्रभारी शंभूनाथ सिंह ने थाना भटगांव में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 14.12.22 के रात्रि में महान-1 ओसीएम बंद खदान वर्कशॉप स्टोर में हरगोविन्द सिंह व संतोष की ड्यूटी स्टोर ऑफिस में लगी थी, रात्रि करीब 1.30 बजे स्टोर ऑफिस तरफ हल्ला होने पर ओमकार सिंह के साथ जाकर देखे कि हरगोविन्द के सिर में चोट लगा था खून निकल रहा था पूछने पर हरगोविन्द ने अज्ञात चोरों के पत्थर फेंककर मारने से नहीं हटने पर अज्ञात लोगों के द्वारा डण्डा से मारपीट कर चोट पहुंचाए। रिपोर्ट पर थाना भटगांव में अपराध क्रमांक 245/22 धारा 457, 294, 506, 336, 323, 34 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामला पंजीबद्ध होने के बाद थाना भटगांव पुलिस ने कार्यवाही करते हुए शुक्रवार को 1 आरोपी रमेश राजवाड़े को गिरफ्तार किया था।

पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू ने मामले में संलिप्त आरोपियों की पतासाजी करते हुए जल्द गिरफ्तारी के निर्देश थाना प्रभारी भटगांव को दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व डीएसपी मुख्यालय नंदिनी ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना भटगांव की पुलिस आरोपियों की धरपकड़ हेतु लगातार दबिश दे रही थी इसी बीच मुखबीर की सूचना पर घटना में संलिप्त आरोपी सुरेन्द्र राजवाड़े पिता रामकिशुन उम्र 22 वर्ष एवं गायत्री प्रसाद सोनपाकर पिता सुखदेव सोनपाकर उम्र 22 वर्ष निवासी कपसरा, थाना भटगांव को घेराबंदी कर शनिवार को पकड़ा गया। पूछताछ पर आरोपियों ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया, मामले में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, अन्य आरोपियों की पतासाजी की जा रही है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी भटगांव शरद चंद्रा, एसआई सी.पी.तिवारी, बृजमोहन गुप्ता, प्रधान आरक्षक संजय चौहान, आरक्षक रजनीश पटेल, प्रकाश साहू, नौशाद खान, ताराचंद यादव व संतोष जायसवाल सक्रिय रहे।

# सूरजपुर पुलिस को मिला 2 एविडेंश कलेक्शन बाक्स,बाक्स से किए जायेंगे साक्ष्यों को सुदृढ़

- संवाददाता -
सूरजपुर, 17 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।



छत्तीसगढ़ शासन व पुलिस मुख्यालय रायपुर के द्वारा जिला पुलिस सूरजपुर को महत्वपूर्ण संवेदनशील प्रकरणों में घटना स्थल पर उपलब्ध भौतिक साक्ष्यों को सुरक्षित/संकलित करने के लिए पुलिस बल आधुनिकीकरण योजना अन्तर्गत 2 नग एविडेंश कलेक्शन बाक्स (किट) उपलब्ध कराया है। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू ने उक्त एविडेंश कलेक्शन बाक्स का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि एविडेंश कलेक्शन बाक्स में घटना स्थल से साक्ष्य संकलित करने के लिए 43 एक्युपमेंट मौजूद है। प्राप्त हुए 2 एविडेंश कलेक्शन बाक्स (किट) को थाना सूरजपुर व प्रेमनगर को प्रदाय किया जा रहा है ताकि वैज्ञानिक पद्धति से घटना स्थल पर मौजूद भौतिक साक्ष्यों को संकलित किया जा सके। इस दौरान निरीक्षक धर्मानंद शुक्ल, स्टोर प्रभारी सुलेमान लकड़ा व एएसआई विराट विशी मौजूद रहे।

# महिला उत्पीडऩ के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 17 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

पीड़िता थाना गांधीनगर आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी मिलन असाटी प्रार्थिया के साथ कॉलेज में पढ़ाई करता था। तीन वर्ष पूर्व प्रार्थिया से आरोपी मिलन असाटी के दूकान प्रिंस पॉइंट में मिला एवं पीड़िता से पूर्व जानपहचान का फायदा उठाकर पिड़िता का मोबाइल नंबर मांगकर बातचीत करने लगा और मिलना-जुलना भी करता था। घटना दिनांक को आरोपी द्वारा प्रार्थिया को चठीरमा बैरियर के पास ले जाकर शादी करने का झांसा देकर जबरन अनाचार किया था। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है। विवेचना आरोपी के गिरफ्तारी हेतु एक विशेष टीम गठित कर गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा था, जो आरोपी घटना दिनांक के पश्चात से ही फरार हो गया था, जो आरोपी पुलिस टीम से बचने लगातार जगह बदल बदल कर लुक छिप रहा था, गठित विशेष टीम द्वारा आरोपी के गिरफ्तारी हेतु कटनी एवं जिला रायपुर मे दबिश दी गई जो आरोपी को जिला रायपुर से गिरफ्तार किया गया हैं, दौरान विवेचना प्रार्थिया से पूछताछ करने पर आरोपी मिलन असाटी द्वारा पूर्व परिचित होने का फायदा उठाकर प्रार्थिया को शादी का झांसा देकर जबरन अनाचार करना एवं शादी करने की बात बोलने पर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने की बात बताई हैं, जो आरोपी मिलन असाटी साकिन अम्बिकापुर से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किया गया जो आरोपी द्वारा अनाचार की घटना कारित करना स्वीकार किये जाने पर अपराध सबूत पाए जाने से तत्काल गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जाता है। सम्पूर्ण कार्रवाई में परिवीक्षाधीन उपपुलिस अधीक्षक प्रशांत देवांगन ,निरीक्षक कलीम खान ,उप निरी. रश्मि सिंह आरक्षक अमृत सिंह, प्रवीन्द्र सिंह, अरविंद उपाध्याय, इम्तियाज शामिल रहे।



# गजब है प्रशासन का मापदंड,जहां ज्यादा जाम लगता है वहां 20 फिट,जहां पहले से चौड़ा वहां 40 फिट होगी सड़क चौड़ी

## खरवत चौक से जमगहना तक बराबर मापदंड रखने की जरूरत,एकरूपता नहीं होने से फिर करना पड़ेगा विरोध का सामना

» बाजारपारा,महलपारा आदि प्रमुख सड़को को भी चैड़ा करने की जरूरत

» जहां समस्या है वहां पर चौड़ीकरण कम और जहां की समस्या नहीं है वहां पर चौड़ीकरण ज्यादा

- रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 17 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।



जहां समस्या है वहां पर चौड़ीकरण कम और जहां की समस्या नहीं है वहां पर चौड़ीकरण के लिए ज्यादा माप किया जा रहा जिसे लेकर भेदभाव की बात उठने लगी, चौड़ीकरण मामला कब अंतिम रूप लेगा इसका तो पता नहीं पर बीच-बीच में अलग-अलग विवाद उत्पन्न होकर बाधित हो जाता है क्योंकि प्रशासन भी निष्पक्ष तरीके से सड़क चौड़ीकरण को करने में नहीं दिखा रही तत्परता, लोगों का कहना है कि शासन एक बराबर करें सड़क चौड़ीकरण का मापदंड यदि 40 फिट ले रहे तो हर तक 40 ले और यदि 20 फिट ले रही है तो हर तरफ 20 फिट ले।

बैकुंठपुर शहर में सड़क चैड़ीकरण की उम्मीद लगाए बैठे व्यापारियों समेत आम जन में अब थोड़ी राहत मिली है, जब कलेक्टर की पहल पर एक बार फिर सड़क चैड़ीकरण की फाईल बनने लगी है। पहले चरण में आवश्यक रिपोर्ट तैयार करने का काम चल रहा है, एक सप्ताह में बनने वाले उक्त रिपोर्ट के परीक्षण के बाद इस पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। हलांकि प्रारंभिक जनचर्चा के अनुसार मुख्य चैक से लेकर आसपास के इलाके में 20 फिट सड़क चैड़ीकरण किये जाने की बात चल रही है, बाकी क्षेत्र में 40 फिट चैड़ीकरण किया जा सकता है। अब सवाल उठना जरूरी है कि घड़ी चैक से लेकर आसपास के क्षेत्र में ही आए दिन ज्यादा जाम की स्थिति निर्मित होती है बाकी के मुख्य सड़क में ऐसी स्थिति नही है। लेकिन यदि प्रषासन ऐसा मापदंड अपनाता है तो जाहिर सी बात है कि एक बार फिर से व्यापारियों के विरोध का सामना करना पड़ेगा। सड़क चैड़ीकरण में एकरूपता अपनाये जाने की आवष्यकता है जिससे कि विरोध की आग को शांत किया जा सके। ज्ञात हो कि कलेक्टर की पहल पर एक बार फिर से खरवत चैक से जमगहना तक लगभग 10 किमी सड़क का चैड़ीकरण किये जाने की कार्यवाही शुरू हुई है, चारपहिया वाहनो की बढती आावाजाही और यातायात के दबाव को देखते हुए बाजारपारा और महलपारा सड़क को भी चैड़ा किया जाना अब आवष्यक हो गया है।

### एक सप्ताह मे तैयार होगा रिपोर्ट

घटती-घटता अखबार में लगातार खबर प्रकाशन और युवा तथा आमजन की मांग को देखते हुए कोरिया कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने इस बार सड़क चैड़ीकरण को लेकर रूचि दिखलाई है। पिछ्ले मंगलवार को संपन्न हुई समय-सीमा बैठक के बाद कलेक्टर श्री लंगेह ने प्रशासनिक टीम को साथ लेकर खरवत चैक से लेकर घड़ी चैक व जमगहना तक प्रमुख स्थानो पर खुद नापजोख का कार्य कराया है। उन्होने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, लोक निर्माण विभाग,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी व विद्युत मंडल के अधिकारियो से एक सप्ताह के भीतर चैड़ीकरण को लेकर रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करने का निर्देष दिया है। सर्वे रिपोर्ट आने के बाद इस बारे में अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

### सड़क चैड़ीकरण में एकरूपता की ज्यादा जरूरत

सड़क चैड़ीकरण की दिषा में प्रषासन ने जिस प्रकार कदम उठाया है वह निष्चित ही सराहनीय कदम है, लेकिन अब इसमें जो बात सामने निकलकर आ रही है यदि उस पर विष्वास किया जाए तो घड़ी चैक के आसपास जहां ज्यादा जाम की स्थिति बन रही है, वहां पर सबसे ज्यादा चैड़ा किये जाने की जरूरत है लेकिन बिना मापदंड के घड़ी चैक समेत आसपास की सड़क को 20 फिट और बाकी स्थानो पर 40 फिट चैड़ा करने की बात भी चल रही है ऐसी जनचर्चा है। और यदि प्रषासन ऐसा करता है तो यह कहीं से उचित नही होगा। लोगो का कहना है कि जमगहना से लेकर खरवत चैक तक एक निर्धारित मापदंड पर काम करना होगा,जिससे कि एकरूपता बनी रहे और विरोध का सामना न करना पड़े।

### व्यापारी भी चाहते हैं हर जगह बराबर हो सड़क चैड़ीकरण

प्रशासन द्वारा चैड़ीकरण की दिषा में रिपोर्ट तैयार करने का काम जैसे चालू हुआ है वैसे ही शहर के व्यापार भी अपनी बात सामने रख रहे हैं उनका कहना है कि आज व्यापार की बुरी स्थित देखकर सड़क चैड़ीकरण किया जाना सबसे जरूरी हो गया है। सड़क चैड़ी न होने से व्यापार बुरी तरह प्रभावित हुआ है। भविष्य में स्थिति और बिगड़ेगी,इसलिए जितना जल्दी हो सड़क का चैड़ीकरण हो जाना चाहिए। हलांकि शहर में भी जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों को इसके लिए आगे आना चाहिए और प्रषासन का साथ देना चाहिए लेकिन वोट बैंक की राजनीति के कारण चैड़ीकरण के मुद्दे पर जनप्रतिनिधि कुछ बोलने और आगे आने से बचना चाहते हैं।

### व्यापार संघ को दूर रखने की जरूरत, चंद लोगो का समूह है यह संघ

जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में एक नाममात्र का व्यापार संघ बना हुआ है, व्यापारियों के हितो को छोड़ इस संघ ने आज तक चैड़ीकरण जैसे प्रमुख कार्य पर अड़ंगा लगाने का काम ही किया है। चैड़ीकरण न होने से प्रभावित व्यापारी इस वजह से व्यापार संघ से अब दूर जा चुके हैं, इसलिए यह संघ गिनती के लोगो का एक समूह बन कर रह गया है। न तो यह संघ पंजीकृत है और न ही इसे व्यापारियों का समर्थन प्राप्त है। संघ के चुनिंदा पदाधिकारी अपना स्वार्थ सिद्व करने का काम जरूर कर रहे हैं। फिर भी जब सड़क चैड़ीकरण जैसे प्रमुख मुद्वा सामने आता है तो अपने स्वार्थ में इस समूह के लोग प्रषासन के सामने अपनी बात रखने पहुंच जाते हैं और चार-पांच लोगो के निर्णय को सभी व्यापारियों का निर्णय बतलाकर प्रषासन तथा जनप्रतिनिधियों को गुमराह करते हैं उनके द्वारा प्रषासन से उलजलूल सवाल किया जाता है जिससे कि चैड़ीकरण का काम ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। अब एक बार फिर से जब सड़क चैड़ीकरण की दिषा में काम शुरु हुआ है तो प्रषासन को भी चाहिए कि यदि उसे व्यापारियों का मत जानना है तो उसके लिए सभी व्यापारियों को एक जगह एकत्र कर उनकी बात सुनना चाहिए न कि संघ के नाम पर चुनिंदा व्यापारियो के समूह को बुलाकर उनकी बात सुननी चाहिए।

### अंततःसड़क चौड़ीकरण को लेकर एक बार फिर प्रशासन ने शुरू की कार्यवाही






# माध्यमिक शाला अमहर के विद्यार्थियों ने सारासोर का किया शैक्षणिक भ्रमण

## शिक्षकों के मार्गदर्शन में प्राप्त किया भौगोलिक ज्ञान एवं लिया वन भोज का आनंद

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 17 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

कोरिया जिले के बैकुंठपुर विकासखंड अंतर्गत माध्यमिक शाला अमहर के विद्यार्थियों ने सूरजपुर जिले में महान नदी के तट पर स्थित दर्शनीय स्थल सारासोर का शैक्षणिक भ्रमण किया। सारासोर वस्तुतः महान नदी के तट पर पहाड़ियों के बीच मनोरम छ्टा लिए सूरजपुर जिले का एक प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है। जो कि भैयाथान प्रतापपुर मुख्य मार्ग से लगभग 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। महान नदी का चौड़ा पाट एवं पहाड़ी पर स्थित शिवालय तथा मंदिरों से इस स्थल की छ्टा अलौकिक है। जहां माध्यमिक शाला अमहर के विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए विद्यालय के शिक्षकों द्वारा ले जाया गया था। विद्यार्थियों को महान नदी के उद्गम, उसके प्रवाह और रेणुका नदी से उसके मिलन को अवगत कराया गया, क्षेत्र की भौगोलिक जानकारी दी गई, प्रकृति और प्राकृतिक वातावरण से साक्षात्कार कराया गया। वहीं तट पर वनभोज का भी आनंद सभी ने मिलकर लिया। विद्यालय के शैक्षणिक भ्रमण के इस आयोजन के सूत्रधार और कर्ता-धर्ता विद्यालय के प्रधान पाठक श्री कृपा शंकर तिवारी एवं उनके सहयोगी शिक्षक श्री अशोक कुमार शर्मा तथा आशीष जायसवाल रहे।

# खाद्य मंत्री ने किया संभाग स्तरीय छायाचित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन

### आकर्षक प्रदर्शनी के माध्यम से दी जा रही शासन की योजनाओं की जानकारी




- संवाददाता -
अम्बिकापुर , 17 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री अमरजीत भगत ने शनिवार को कलाकेंद्र मैदान में जनसम्पर्क विभाग के माध्यम से आयोजित संभाग स्तरीय छायाचित्र प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया। यह प्रदर्शनी राज्य सरकार के 4 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में सरकार की उपलब्धियों तथा योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए लगाई गई है। 17 दिसम्बर से शुरू हुए छायाचित्र प्रदर्शनी 21 दिसम्बर तक चलेगी। प्रदर्शनी हर दिन संध्या 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक खुली रहेगी।

खाद्य मंत्री ने कहा कि 4 साल में छत्तीसगढ़ ने अनेक उपलब्धियाँ हासिल की है। किसानों, नौजवानों महिलाओं के लिए कई योजनाएं संचालित हैं। प्रदर्शनी में राज्य शासन की योजनाओं को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी में लोगों को शासन की योजनाओं की सहज जानकारी मिलेगी।

प्रदर्शनी में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, सुराजी गांव योजना, छत्तीसगढ़ मिलेट मिशन, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, बिजली बिल हाफ, वनोपज खरीदी, छत्तीसगढ़ मॉडल, उपयोगी वृक्षां का रोपण, गोधन न्याय योजना आदि योजनाओं का आकर्षक फ्लेक्स, लाइट एवं प्रोजेक्टर के माध्यम से जानकारी दी जा रही है। प्रदर्शनी में कई उपयोगी पत्रिका, ब्रोशर्स व पम्पलेट भी दी जा रही है।

# अतिक्रमण से बसा गांव,नोटिस 35 को,मकान टूटे 17,किसका आया फोन की 18 वें मकान टूटने से पहले ही बुलडोजर लेकर भाग निकला वाहन मालिक ?

» राजस्व व फॉरेस्ट विभाग टीम ने की संयुक्त कार्रवाई, जेसीबी मालिक के भाग जाने से बीच में ही अटक गई कार्रवाई

» दो एकड़ वनभूमि पर अवैध कब्जा कर बना लिया 35 मकान, सभी को जारी हुआ नोटिस, सिर्फ 17 की बेदखली

- रवि सिंह-
जनकपुर/बैकुण्ठपुर 17 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।






वन काष्ठागार के पास करीब 2 एकड़ वनभूमि पर 35 लोगों द्वारा अवैध अतिक्रमण कर मकान बना लिया गया है या यूं कहें कि पूरा गांव बसा लिया गया था। इस संबंध में वन विभाग द्वारा उन्हें स्वयं घर खाली करने नोटिस जारी किया गया था। इसी बीच गुरुवार को राजस्व व वन विभाग की टीम गुरुवार को वहां कार्रवाई करने पहुंची। इस दौरान 17 अतिक्रमण को ढहाया गया। इस दौरान ग्रामीणों व तोड़ूदस्ते के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। इसी बीच बुलडोजर चालक अपनी मशीन लेकर चला गया और संयुक्त टीम कार्रवाई रोककर लौट गई।

जनकपुर वन काष्ठागार के पास करीब 2 एकड़ वनभूमि पर जगह-जगह अवैध कब्जा कर मकान बना दिया गया है। मामले में वन मंडल से करीब 35 अवैध कब्जाधारियों को नोटिस जारी कर स्वमेय हटाने निर्देश दिए गए थे। लेकिन अतिक्रमण नहीं हटाने के कारण संयुक्त टीम कार्रवाई करने पहुंची। इस दौरान किराए की जेसीबी मशीन लेकर कक्ष क्रमांक 1267 में निर्मित 17 अवैध मकानों को ढहा दिया गया। मौके पर विरोध होने के बाद जेसीबी मालिक ने बाकी बचे 18 मकानों को ढहाने से इंकार कर दिया और वहां से जेसीबी लेकर चला गया। इसके बाद राजस्व व वन विभाग की संयुक्त टीम मायूस होकर खाली हाथ लौट गई।

### तोड़ू दस्ता व ग्रामीणों के बिच विरोध, कार्रवाई बाधित

संयुक्त टीम द्वारा अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंच गए। इस दौरान तोड़ू दस्ता व ग्रामीणों के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। हालांकि अधिकारी ग्रामीणों को समझाइश देने की कोशिश करते रहे, लेकिन ग्रामीणों ने एक नहीं सुनी। इसी बीच चालक जेसीबी को लेकर चला गया और तोड़ूदस्ते का काम रुकने के बाद लौट गए।

### वनभूमि में काबिज 18 अवैध मकान अभी भी बाकी है क्या होगी कार्यवाही ?

वनमंडल मनेंद्रगढ़ से कुल 35 कब्जाधारियों को स्वमेय खाली कराने नोटिस जारी हुआ था। अतिक्रमण नहीं हटाने पर 17 मकान तोड़े गए हैं, वहीं शेष 18 मकानों को तोडने़ दोबारा अभियान चलाया जाएगा। वनांचल भरतपुर में जगह-जगह वनभूमि पर अवैध कब्जा कर मकान बनाने की होड़ लगी है। फॉरेस्ट अमला भी एक-दो घर बनने पर कोई ध्यान नहीं देता है। बड़ी संख्या में मकान बनने के बाद अतिक्रमण हटाने कार्रवाई करने पहुंचता है। इससे ग्रामीणों व वन विभाग के विवाद की स्थिति निर्मित होती है।

### 17 मकान को किया गया ध्वस्त, शेष मकानों को तोडने़ दोबारा चलेगा अभियान

उत्तम पैकरा, एसडीओ फॉरेस्ट जनकपुर ने कहा की वन काष्ठागार के पास करीब दो एकड़ में अवैध कर बनाए गए 35 कब्जाधारियों को नोटिस जारी किया गया है। इसमें 17 मकान को जेसीबी से तोड़ा गया है। वहीं शेष मकानों को तोडने़ दोबारा अभियान चलाया जाएगा।

# क्या कांग्रेस को जिपं उपचुनाव के लिए क्षेत्र क्रमांक 6 से सामान्य सीट पर सामान्य या ओबीसी प्रत्याशी नहीं मिला?

## क्या कांग्रेस के लोग चाह रहें हैं कि इस सीट को हार जाएं और विधायक की हो किरकिरी ?

- क्या बीजेपी के लोग चाह रहे हैं कि बीजेपी को इस सीट पर मिली हार तो प्रबल विधायक प्रत्याशी दावेदार का कट सकता है पत्ता?
- कोरिया जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 के उप चुनाव में सत्ताधारी दल ने आदिवासी वर्ग के प्रत्याशी को दिया मौका
- पूर्व मंत्री की पुत्रवधू के खिलाफ कांग्रेस ने खेला आदिवासी कार्ड,आदिवासी समुदाय के युवक को दिया मौका
- पिछड़ा वर्ग बाहुल्य क्षेत्र में अनारक्षित सीट पर कांग्रेस अनारक्षित एवम पिछड़ा वर्ग से भी नहीं ढूंढ पाई उम्मीदवार

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 17 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

कोरिया जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 अनारक्षित सदस्य सीट जो पूर्व मंत्री एवम पूर्व भाजपा विधायक बैकुंठपुर के पुत्र की असामयिक मृत्यु की वजह से रिक्त हुई है में उप चुनाव होना है और भाजपा ने पूर्व मंत्री की पुत्रवधू को मौका दिया है इस सीट से उप चुनाव में वहीं सत्ताधारी दल ने आदिवासी युवक को मौका दिया है। जिला पंचायत कोरिया क्षेत्र क्रमांक 6 सदस्य की सीट अनारक्षित है और उम्मीद लगाई जा रही थी कि राष्ट्रीय दल होने के नाते सत्ताधारी दल द्वारा इस सीट से सामान्य वर्ग या पिछड़ा वर्ग को मौका दिया जाएगा और जो नहीं हुआ जिसको लेकर अब यह माना जा रहा है कि कांग्रेस ने आदिवासी कार्ड खेलकर सीट अपने नाम करने की जुगत लगाई है।

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 सदस्य की सीट अनारक्षित है और क्षेत्र पिछड़ा वर्ग बाहुल्य वाला है वहीं आदिवासी समाज की भी इस क्षेत्र में बाहुल्यता है जबकि सामान्य वर्ग के लोग भी इस क्षेत्र में निवासरत हैं। सत्ताधारी दल द्वारा आदिवासी युवक को उम्मीदवार बनाये जाने से क्षेत्र के पिछड़ा वर्ग समुदाय के कांग्रेसजनों में मायूसी की खबर है और उनका मानना है कि अनारक्षित सीट से सामान्य या पिछड़ा वर्ग समुदाय को प्रत्याशी बनाया जाना चाहिए था जो नहीं किया गया जो समाज के हिसाब से गलत हुआ है। भाजपा के लिहाज से देखा जाए तो भाजपा ने जहां पति की मृत्यु की वजह से पूर्व मंत्री की पुत्रवधू को क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया है जो क्षेत्र से ही जिला पंचायत सदस्य थे वहीं भाजपा की प्रत्याशी पिछड़ा वर्ग समुदाय से हैं और इसका फायदा भाजपा को मिलेगा यह तय नजर आ रहा है।




### गोंगपा के मैदान में उतरते ही कांग्रेस प्रत्याशी क्षेत्र में पड़ जाएगे कमजोर

क्षेत्र से गोंगपा ने भी अपना प्रत्याशी मैदान में उतार दिया है, क्योंकि गोंगपा का क्षेत्र में अच्छा जनाधार है और जनाधार को साबित करने का उसके पास मौका भी है जिसे वह जाने नहीं देगी वहीं गोंगपा के मैदान में सामने आने के बाद कांग्रेस प्रत्याशी क्षेत्र में कमजोर साबित हो जाएंगे क्योंकि आदिवासी समुदाय का मत गोंगपा की तरफ जाएगा जो निश्चित है। वैसे सत्ताधारी दल ने जिस आदिवासी युवक को लेकर क्षेत्र में दांव खेला है वह पूर्व में जनपद सदस्य रह चुके हैं और उन्हें चुनाव लड़ने का अनुभव है लेकिन क्षेत्र के पिछड़ा वर्ग समुदाय एवम सामान्य वर्ग के समुदाय के उन कांग्रेसजनों में जरूर उदासी देखा जा रहा है जिन्हें अपने अपने समुदाय से प्रत्याशी चयन की उम्मीद थी।

### संसदीय सचिव व वर्तमान विधायक के साथ पूर्व मंत्री भाजपा की साख दांव पर

उप चुनाव का परिणाम चाहे जो हो लेकिन राष्ट्रीय दल साथ ही सत्ताधारी दल ने क्यों ऐसा निर्णय लिया जबकि गोंगपा के मैदान में उतरने की पूरी संभावना है और वह आदिवासी समुदाय का समर्थन जरूर प्राप्त करेगा। वहीं यदि पूरा समीकरण यदि दोनों प्रमुख राष्ट्रीय दलों का समझा जाये तो दोनों ही दलों के दो बड़े नेताओं जिसमें एक संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन एवम वर्तमान बैकुंठपुर विधायक साथ ही एक पूर्व मंत्री एवम पूर्व विधायक बैकुंठपुर भाजपा की साख दांव पर लगी हुई है। दोनों ही नेताओं के लिए विधानसभा चुनाव पूर्व यह चुनाव एक महत्वपूर्ण चुनाव होगा और दोनों का ही आगामी भविष्य तय करेगा। वर्तमान विधायक यदि इस चुनाव में अपनी पार्टी के उम्मीदवार को जीत नहीं दिला पाई तो उनकी किरकिरी भी होगी वहीं यह माना जायेगा कि उनका ही जनाधार ही कम हुआ है और पूरी जिम्मेदारी उन्हीं पर डाली जाएगी और उनकी विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी बतौर दावेदारी कमजोर होगी वहीं यदि भाजपा के नजरिए से देखा जाए तो यदि पूर्व मंत्री एवम पूर्व बैकुंठपुर विधायक की पुत्रवधु की जीत यदि सुनिश्चित होती है तो विधानसभा चुनाव में भाजपा से उनकी दावेदारी पुखूता होगी और अन्य सभी दावेदारों की दावेदारी कमजोर पड़ेगी। कुल मिलाकर दोनों ही दलों के विधायक पद के दावेदार नेताओं में से अधिकांश इस चुनाव में मूक दर्शक की भूमिका निभाते नजर आएंगे और पार्टी की जीत के लिए कम ही प्रयास उनकी तरफ से दिखेगा क्योंकि हार में ही उनकी अपनी जीत छुपी होगी और वह अपनी जीत की तलाश में हार को गले लगाएंगे। अब परिणाम जो सामने आए चुनाव का लेकिन दो बड़े नेताओं के लिए यह चुनाव विधानसभा चुनाव पूर्व अपना जनाधार साबित करने का एक बड़ा मौका है जो साबित करना ही उनका बेहतर भविष्य होगा।

# सोनहत कालेज मे परीक्षा केंद्र बनाने की मांग हुई पुरी,कुलसचिव ने परीक्षा केंद्र बनाने पत्र किया जारी




- सेंटर की मांग पर पूर्व छात्र नेता मनोज साहू ने कुलसचिव को कई बार लिखा था पत्र,दो दिन पहले कालेज में किया था तालाबंदी

- संवाददाता -
सोनहत/बैकुण्ठपुर 17 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

छात्र छात्राओं व नागरिक एकता मंच की वर्षों की सोनहत महाविद्यालय में परीक्षा केंद्र बनाने की मांग पूरी हो गई यह छात्रों की लड़ाई की बड़ी जीत है।

गौरतलब हो कि सोनहत महाविद्यालय में परीक्षा केंद्र की मांग को लेकर वहां के छात्र नेता, पूर्व के छात्र नेता व नागरिक एकता मंच लगातार कुलसचिव, जिले के कलेक्टर व एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम पत्र सौप कर मांग कर चुके थे, बीते गुरुवार को पूर्व छात्र नेता मनोज साहू के नेतृत्व में छात्र छात्राओं ने कालेज में तालाबंदी व एकदिवसीय धरना प्रदर्शन कर परीक्षा केंद्र की मांग करते हुए दिनभर पढ़ाई बंद कर कालेज के सामने हमारी मांगे पूरी करो परीक्षा केंद्र देना होगा बोलकर नारेबाजी कर बैठे रहे।जानकारी देते हुए पूर्व छात्र नेता मनोज साहू ने बताया कि छात्रों कि वर्षों से मांग थी कि सोनहत कालेज में परीक्षा केंद्र संचालित हो चुकी इस महाविद्यालय में रामगढ़, सिंघोर, नटवाही, भगवतपुर, राउतसरई, बंशीपुर, उज्ञाव, तथा अन्य वनांचल क्षेत्र के 30-90 किलोमीटर की दूरी तय कर छात्र छात्रा पढ़ाई करने आते है और परीक्षा केंद्र बैकुंठपुर की लंबी दूरी तय करना पड़ता है,वनांचल क्षेत्र होने के कारण क्षेत्र में सुबह की परीक्षा समय अनुसार छात्रों को काफी असुविधा होती है तथा साधन संसाधन का अभाव रहता है, व छात्राओं को कई प्रकार का अप्रिय घटना का भर रहता है, जिसके लिए हमने कई बार प्रदर्शन व पत्राचार किया था अब परीक्षा केंद्र की मांग पूरी हो गई है,यह हमारे सघर्ष की बडी जीत है, इसका श्रेय लडाई मे साथ रहे सभी छात्रों व साथी छात्र नेताओं को जाता है जिनके साथ हमने लड़ाई निरंतर जारी रखा था। छात्र छात्राओं की इस बड़ी मांग को पुरी करने के लिए कुलसचिव का हम आभार व्यक्त करते है।

# छत्तीसगढ़ गौरव दिवस का ग्राम दुपछोला में विधायक जायसवाल ने किया शुभारंभ

### वर्चुअल उद्बोधन में सीएम भूपेश बघेल ने की तीन महत्वपूर्ण घोषणाएं, प्रदेश वासियों को दी बधाई और शुभकामनायें

- संवाददाता -
एमसीबी/चिरमिरी 17 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

राज्य सरकार के चार वर्ष पूरे होने पर आज 17 दिसम्बर को छत्तीसगढ़ गौरव दिवस मनाया जा रहा है। इस मौके पर स्थानीय प्रशासन द्वारा प्रदेश भर के सभी गोठनो में भव्य कार्यक्रम को आयोजित कर राज्य सरकार की योजनों की जानकारी एवं उपलब्धियों का बखान किया गया । इसी तारतम्य में मनेंद्रगढ़ विधायक डॉ. विनय जायसवाल द्वारा अपने विधानसभा के जनपद पंचायत खड़गवां के ग्राम दुपछोला में स्थानीय पंच सरपंच एवं प्रशासनिक अधिकारियों व स्थानीय ग्रामीण जनों की उपस्थित में आयोजित गौरव दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

विधायक डॉ. विनय जायसवाल व अन्य अतिथियों ने छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। ततपश्चात राजकीय गीत का गायन व प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जनता के नाम संदेश का वर्चुअल प्रसारण किया गया।




इस अवसर पर विधायक डॉ. जायसवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार के चार साल पूरे होने पर गौरव दिवस का आयोजन किया जा रहा है । गत चार वर्षों में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश का चहुमुखी विकास हुआ है। छत्तीसगढ़ विकास के नए पथ की ओर बढ़ रहा है। क्षेत्रवासियों की मांग के अनुसार विकास व निर्माण कार्य लगातार हो रहे हैं । इस दौरान उन्होंने शासन की प्रमुख योजनाओं धान खरीदी, व्याज मुक्त ऋण, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव मितान क्लब इत्यादि की जानकारी दी और पूर्व की सरकार को विकास का रोणा बताया। वहीं अपने वर्चुअल उद्बोधन में राज्य के मुखिया भूपेश बघेल ने आज छत्तीसगढ़ गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए तीन महत्वपूर्ण घोषणाएं की है।

मुख्यमंत्री बघेल ने %मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा% की घोषणा करते हुए इस योजना के लिए 100 करोड़ रूपए, सभी शालाओं, छात्रावासों, आश्रमों, शासकीय भवनों के रख रखाव और उन्नयन के लिए एक हजार करोड़ रूपए, तकनीकी शिक्षा के स्तर में सुधार हेतु औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं के उन्नयन के लिए %स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट आईटीआई योजना% की घोषणा करते हुए इस योजना के लिए 1200 करोड़ रूपए देने की घोषणा कर पुरे प्रदेश वासियों को अपनी शुभ कामनाये और बधाई दी।

# जिला शिक्षा अधिकारी पर किसकी मेहरबानी कि एक ही संभाग में चल रहा है इनका सालों से कार्यकाल?

## शिक्षा विभाग के एक ऐसे अधिकारी जिन्हें सरगुजा संभाग में ही मिलती है जिम्मेदारी?

- कोरिया जिले में ही बने रहे लगभग चार साल,सबसे लंबा रहा कार्यकाल
- कोरिया जिला शिक्षा अधिकारी को बनाया गया है अब संयुक्त संचालक शिक्षा सरगुजा
- विभाग के सबसे जुगाड़ू अधिकारी कहे जा सकते हैं संजय गुप्ता, कांग्रेस शासनकाल में मिला इनाम

- रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 17 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

कोरिया के तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी को मिला संभाग का प्रभार तो उठे कई सवाल,जिला शिक्षा अधिकारी पर किसकी मेहरबानी कि एक ही संभाग में चल रहा है इनका सालों से कार्यकाल? शिक्षा विभाग के एक ऐसे अधिकारी जिन्हें सरगुजा संभाग में ही मिलती है जिम्मेदारी? लगातार संभाग में ही कई पदों पर कार्य करने उपरांत अब बने संयुक्त संचालक शिक्षा सरगुजा संभाग, कोरिया जिले में ही बने रहे लगभग चार साल,सबसे लंबा रहा कार्यकाल, कोरिया जिला शिक्षा अधिकारी को बनाया गया है अब संयुक्त संचालक शिक्षा सरगुजा,विभाग के सबसे जुगाड़ू अधिकारी कहे जा सकते हैं संजय गुप्ता, कांग्रेस शासनकाल में मिला इनाम, भाई भी हैं कांग्रेस के बड़े नेता ऐसा भी सूत्रों का है कहना, भाई की बदौलत संभाग में ही मिलती है पदस्थापना,कांग्रेस शासनकाल में संजय गुप्ता पर बरसती रही है मेहरबानियां,जहां जहां खुद जाना चाहे पहुंचते रहे।

कोरिया जिले के तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी की पदोन्नति हो गई है और वह सरगुजा संभाग के संयुक्त संचालक शिक्षा बनाये गए हैं लेकिन सवाल यह है कि यह ऐसे अधिकारी हैं जो




कई सालों से सरगुजा संभाग के आसपास के जिलों में ही अपनी नौकरी करते आये हैं इन्हें प्रभार भी चाहिए और अपने मन से पदोन्नति भी और अपने मन मुताबिक शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारी का ओहदा भी, साथ ही मन मुताबिक पदस्थापना भी, पर सवाल यहीं खत्म नहीं होता सवाल तो यह भी है कोरिया जिले में रहते हुए इनके समय में जितनी भी योजनाएं शुरू हुई वह बंद भी होते गई, चाहे वह स्मार्ट क्लास की बात हो या फिर पढ़ाई तुह्नर द्वार हो या फिर विद्यालयों में फर्नीचर खरीदी की बात सारे मामलों में इन्होंने सुर्खियां बटोरी अब जाते-जाते इनकी सुर्खी यह भी है कि पदोन्नति तो पा गए पर फिर से संभाग इनसे नहीं छूटा संभाग का मुंह ऐसा कि लगता है कि पूरी नौकरी वह इसी संभाग में करके सेवानिवृत्त होंगे।

संजय गुप्ता कोरिया जिले में लगभग चार साल तक टिके रहे इसके पहले संभाग में ही वह अन्य जिलों के जिला शिक्षा अधिकारी भी रहे और उनके अब तक के कार्यकाल में उन्हें संभाग से बाहर भेज पाने में विभाग असफल रहा जो अभी हुई पदोन्नति से स्पष्ट हो गया जब उन्हें सरगुजा संभाग का संयुक्त संचालक शिक्षा बनाया गया। बताया जाता है कि अपने भाई के कांग्रेस पार्टी में नेता होने का इनको फायदा मिलता रहा है और इसी वहज से इन्हें उंगलियां रखकर पदस्थापना प्राप्त होती आई है और इसबार पदोन्नति भी और पदस्थापना भी। कोरिया जिले के कार्यकाल के दौरान इनकी उपलब्धियों में कोई विशेष उपलब्धि यदि ढूंढी जाए तो मुश्किल है क्योंकि अधिकांश समय मे इनकी कोई उपलब्धि शिक्षा क्षेत्र में नहीं रही जो देखने को भी मिली। कोरिया जिले में सहायक शिक्षकों की लंबे समय से लंबित पदोन्नति को भी इन्होंने अपनी पदोन्नति पश्चात महत्व नहीं दिया और जब सबकुछ पूर्ण हो चुका था पदोन्नति प्रक्रिया में इन्होंने अपनी पदोन्नति के कारण पूरे पदोन्नति प्रक्रिया को छोड़कर पलायन कर लिया और पदोन्नति अब कौन करेगा इसपर संशय खड़ा हो गया।

# शासन के चार साल पूरे होने के मौके पर आयोजित हुआ गौरव दिवस कार्यक्रम

## मुख्यमंत्री ने वर्चुअल कार्यक्रम में जनता को किया संबोधित की तीन महत्वपूर्ण घोषणाएं

- सोनहत के घुघरा गौठान में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए सविप्रा उपाध्यक्ष कमरो, सीसी सड़क तथा रूरल इंडस्ट्रियल पार्क का किया भूमिपूजन
- शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं ने चहुंमुखी विकास की परिकल्पना को किया साकारःकमरो
- विभिन्न विभागों के योजनाओं के तहत हितग्राहीमूलक सामग्रियों से लाभान्वित हुए लोग






- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 17 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ सरकार के चार साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे प्रदेश में आज छत्तीसगढ़ गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज अपने निवास कार्यालय रायपुर में छत्तीसगढ़ गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में संबोधित करते हुए प्रदेश की जनता के नाम अपना संदेश दिया। छत्तीसगढ़ गौरव दिवस पर विकासखंड सोनहत के घुघरा ग्राम गौठान में आयोजित कार्यक्रम में सरगुजा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष एवं विधायक भरतपुर सोनहत श्री गुलाब कमरो शामिल हुए। कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह, पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं समूह की दीदियां तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण जन भी मौजूद रहे। उत्सुकता और उत्साह के साथ मुख्यमंत्री श्री बघेल के संदेश का श्रवण किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री कमरो ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ सरकार के सफलतम 4 साल पूरे होने पर छत्तीसगढ़ गौरव दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इन चार वर्षों में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश ने निरंतर प्रगति हासिल की है। कोरोना काल के बावजूद शासन की जनकल्याणकारी नीतियों और योजनाओं ने चहुंमुखी विकास की परिकल्पना को साकार किया है। कलेक्टर श्री लंगेह ने इस दौरान चार सालों में शासन की योजनाओं के जिले में बेहतर क्रियान्वयन और संचालन की प्रगति साझा की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन आम जन तक बेहतर सुविधाएं पहुंचाने निरंतर प्रयासरत है।

### सीसी सड़क तथा रूरल इंडस्ट्रियल पार्क का श्री कमरो ने किया भूमिपूजन

कार्यक्रम में श्री कमरो ने विकासखण्ड सोनहत की जनता के आवागमन की सुविधा के लिए 5 लाख रुपए की लागत से अटल चौक से मेन रोड पहुंच मार्ग तक सीसी सड़क का भूमिपूजन किया। इसके साथ ही लगभग 2 करोड़ की लागत से महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) अधोसंरचना कार्य का भी भूमिपूजन किया गया।

### विभिन्न विभागों के स्टॉल में हितग्राहीमूलक सामग्रियों से लाभान्वित हुए लोग

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए, जिसमें कृषि विभाग द्वारा 08 हितग्राहियों को रागी बीज तथा 06 हितग्राहियों को स्प्रे मशीन वितरित किए गए। इसी प्रकार श्रम विभाग द्वारा 02 हितग्राहियों को मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना के तहत 20-20 हजार का चेक, मछली पालन विभाग द्वारा 02 हितग्राहियों को महाजाल तथा आइसबॉक्स दिया गया। इस दौरान पशु चिकित्सा विभाग द्वारा भी स्टॉल लगाकर पशुओं का जांच तथा उपचार किया गया।

### मुख्यमंत्री श्री बघेल ने की तीन महत्वपूर्ण घोषणाएं

उल्लेखनीय है को इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री बघेल ने 'मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा' की घोषणा करते हुए इस योजना के लिए 100 करोड़ रूपए, सभी शालाओं, छात्रावासों, आश्रमों, शासकीय भवनों के रख रखाव और उन्नयन के लिए एक हजार करोड़ रूपए एवं तकनीकी शिक्षा के स्तर में सुधार हेतु औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं के उन्नयन के लिए 'स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट आईटीआई योजना' की घोषणा करते हुए इस योजना के लिए 1200 करोड़ रूपए देने की घोषणा की है।

# करतला रेंज में 38 हाथियों ने दो गांवों में केले और मूंगफली की फसलों को किया नष्ट

- संवाददाता -
कोरबा, 17 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।



कोरबा जिले के करतला वन क्षेत्र में 38 हाथियों का दल ने वनविभाग की बढ़ाई मुश्किल, जमकर मचाया उत्पात । जिनमें 08 शावक भी हैं । शुक्रवार रात को हाथियों ने पसरखेत रेंज में किसानों की फसलों को रौंद दिया। कोटमेर जंगल में भी कुछ हाथी विचरण करते देखे गए। हाथी ने कोटमेर के ग्रामीणों की बाड़ी में लगी फसल को भी नुकसान पहुंचाया है। करतला वन क्षेत्र के ग्राम गेराव और कोटमेर से 05 किलोमीटर दूर हाथियों का दल मौजूद है। वन विभाग ने लोगों से जंगल में जाने से मना किया है। साथ ही हाथियों के नजदीक जाकर फोटो-वीडियो बनाने की कोशिश नहीं करने की भी चेतावनी दी है। ओडिशा और झारखंड के रास्ते जंगली हाथियों का प्रवेश कोरबा जिले में हो रहा है। हाथियों ने केले और मूंगफली की फसल को नुकसान पहुंचाया है। कोरबा डीएफओ अरविंद पीएम ने बताया कि दो साल बाद करतला रेंज में हाथियों का झुंड पहुंचा है। वन विभाग के कर्मचारी और हाथी मित्र दल हाथियों के मूवमेंट पर नजर रख रहे हैं । वन विभाग ने मुनादी भी करवाई है। किसानों की फसलों के नुकसान को लेकर सर्वे कराया जा रहा है। हाथियों के दल में 08 शावक होने के कारण खतरा ज्यादा बना हुआ है। शावकों की सुरक्षा के लिए हाथी काफी आक्रामक हो जाते हैं। खतरा देखकर वे किसी पर भी हमला करने से नहीं चूकते। पिछले कुछ सालों में हाथियों का व्यवहार बहुत बदल गया है, जिसके कारण विभाग को रणनीति बनाने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि पहले हाथियों के अलग-अलग दल हुआ करते थे और कोई भी हाथी दूसरे दल में शामिल नहीं होता था, लेकिन अब हाथी न सिर्फ दूसरे हाथियों के दल में शामिल हो रहे हैं, बल्कि दलों की संख्या में भी परिवर्तन कर रहे हैं। हाथी अब नए-नए इलाकों की तलाश कर रहे हैं। इसके पहले हाथियों के आने-जाने का रूट एक जैसा हुआ करता था, इससे प्रभावित इलाके वन विभाग की जानकारी में होते थे, लेकिन इनके रास्तों और ठिकानों में बदलाव ने मुश्किल बढ़ा दी है।

# पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने प्र्रदेश सरकार के द्वारा गौरव दिवस मनाए जाने पर लगाए गंभीर आरोप

- संवाददाता -
कोरबा, 17 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।



भाजपा सरकार में रहे पूर्व प्रभारी मंत्री अमर अग्रवाल ने कोरबा तिलक भवन में प्रेसवार्ता के दौरान कहा के 17 दिसंबर को प्रदेश सरकार के 04 वर्ष कार्यकाल के पूरे होने पर मनाया जा रहा गौरव दिवस समझ से परे है । क्योंकि इस कांग्रेस की सरकार ने बिगत 04 सालों में ऐसा कोई कार्य नहीं किया के प्रदेश की जनता उनके कार्यों पर गौरान्वित महसूस करें । यदि इन 04 सालों में कुछ कार्य किया गया है तो वो है भ्रस्टाचार, आपराधिक घटनाये, जमीनों की हेराफेरी ,खनिज कि अफरातफरी को अत्यधिक बढ़ावा देने का काम किया है । प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि जिस सरकार में गुंडा,माफिया राज और भ्रष्टाचार खतरे के निशान के ऊपर बह रहा हो,वह सरकार गौरव दिवस मना रही है जबकि इनको हाथ जोड़कर जनता से माफी मांगना चाहिए। वही उन्होंने जनता से किए गए वादे पूरे नहीं किए हैं । शराबबंदी के नाम पर झूठ बोला गया है । प्रदेश की महिलाओं से भी वादाखिलाफी की है । आत्म निर्भर के रूप में काम कर रही महिलाओं से रेडी टू ईट का काम छीन कर बीज निगम को दे दिया गया, क्योंकि अग्नि चंद्राकर,सूर्यकांत तिवारी के ससुर है और सरकार के लिए वसूली करने का काम करते हैं,जीता जागता उदाहरण जनता के सामने पेश है जब प्रदेश के आईएएस अधिकारी जेल में है उनके साथ माफियाओं सहित अन्य अधिकारियों की एक सौ 52 करोड़ की संपत्ति अटैच हुई है जो प्रमाणित हो चुका है,वही 04 साल में सरकार 55 हजार करोड़ के कर्ज में है । उन्होंने बताया कि प्रदेश में खुलेआम गुंडा,माफिया राज चल रहा है । छत्तीसगढ़ में जमीनें उड़ रही है,खुले आम चाकू,बंदूकें चलती है,कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है । वहीं प्रदेश के राजस्व मंत्री द्वारा कोरबा कलेक्टर के लिए दी गई धमकी पर उन्होंने कहा कि मैं जब भी कोरबा आता हूं उनका कलेक्टर से विवाद सुनने को मिलता है,ऐसे में हमारी राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल को सलाह है कि वे अधिकारियों से सामंजस्य बना लें और यदि उनकी नहीं चलती है तो वे मुख्यमंत्री से सामंजस्य बना ले। वही प्रेस वार्ता के दौरान पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल से चिटफंड कंपनी के संबंध में पूछे गए सवाल पर के पूर्व में आपके सरकार के कार्यकाल में चिटफंड कंपनी के 375 प्रकरण एवं 06 हजार करोड़ रुपए का प्रदेश में चिटफंड का खेल हुआ है या नहीं। जिसके जवाब में पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने जवाब देने के बजाय सवालों को घुमाते हुए टाल गए, जबकि प्रेस विज्ञप्ति में चिटफंड के संबंध में लिखा गया है,उसके अनुसार पूर्व की सरकार के कार्यकाल में चिटफंड कंपनी ने लोगों के 06 करोड़ रुपये निवेश कर रफूचक्कर हो गए है,तो फिर इसके लिए जिम्मेदार कौन है। अब प्रश्न यहाँ पर यह है के चिटफंड का खेल पूर्व सरकार के कार्यकाल में हुआ है तो क्यों जवाब वर्तमान सरकार से मांगा जा रहा है ।

# गेवरा खदान से डीजल चोरी करने वाले मुख्य सरगना अज़हर खान सहित 05 आरोपी को हरदीबाजार पुलिस ने किया गिरफ्तार

- संवाददाता -
कोरबा, 17 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।



पुलिस अधीक्षक कोरबा संतोष सिंह , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा अभिषेक वर्मा , नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रोबिनसन गुड़िया द्वारा सभी थाना/चौकी क्षेत्रान्तर्गत डीजल, कोयला, कबाड़ चोरों की अवैध गतिविधियों पर प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देषित किया गया है । वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में चौकी हरदीबाजार क्षेत्र में केबल तथा डीजल, कबाड़, कोयला चोरी करने वालों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में दिनांक 17.12.2022 को मुखबीर से सूचना पर एक सफेद रंग के बोलेरो वाहन में गेवरा खदान से डीजल चोरी कर भिलाईबाजार-रलिया के रास्ते बलौदा जांजगीर की ओर लेकर जाने वाले पर तस्दीक कर कार्यवाही करने हमराह स्टॉफ एवं गवाह रवाना होकर ग्राम उमेंदीभांठा मेन रोड पहुंचकर घेराबंदी किया गया तो भिलाईबाजार की ओर से एक सफेद रंग के बोलेरो को आते देख उसे रोककर चेक किया गया तो उक्त बोलेरो वाहन में पंजीयन क्रमांक सीजी 10 एएस 1133 वाहन में ड्रायवर के आलावा 04 अन्य लोग और बैठे थे जिनसे नाम पता पूछने पर ड्रायवर अपना नाम 01. राजकुमार पटेल उर्फ गोलगप्पा पिता स्व. भरत लाल उम्र 27 वर्ष निवासी नोनबिर्रा, दीपका 02. अजहर खान उर्फ अज्जू पिता अकरम खान उम्र 29 वर्ष निवासी दयालबंद नारियल कोठी बिलासपुर, 03. संतोष सिंह कंवर पिता नारायण सिंह कंवर उम्र 30 वर्ष निवासी नोनबिर्रा दीपका, 04. बसंत मिरी पिता रामधन मिरी उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम सरई ताल बलौदा, 05. गुलशन यादव उर्फ सिबू पिता रामप्यारे यादव उम्र 25 वर्ष निवासी नोनबिर्रा दीपका बताये तथा बोलेरो के पीछे सीट को चेक करने पर 35-35 लीटर क्षमता वाली 10 प्लास्टिक के जरकन में भरा हुआ जुमला 350 लीटर डीजल कीमती 33,250 रूपये का होना पाया गया जिसके संबंध में सभी को नोटिस देकर उक्त डीजल रखने एवं परिवहन कर ले जाने के संबंध में वैध दस्तावेज, कागजात पेश करने बोला गया तथा बोलेरो ड्राइवर को बोलेरो वाहन के संबंध में कागजात पेश करने कहा गया , जो उक्त डीजल रखने व परिवहन के संबंध में तथा बोलेरो वाहन का कोई कागजात नही होना बताने पर बोलेरो में भरे डीजल को चोरी का होने की पूर्ण संभावना पर आरोपियों के संयुक्त कब्जे से 10 नग जरकन में भरा जुमला 350 लीटर डीजल कीमती 33,250 रुपये, एक नीला रंग का प्लास्टिक पाइप एवं परिवहन में उपयोग एक सफेद रंग का बोलेरो क्रमांक सीजी 10 एएस 1133 जुमला कीमती 8,50,000 रुपये को गवाहों के समक्ष मुताबिक जप्ती पत्रक को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया द्व आरोपी का कृत्य धारा सदर का अपराध घटित करना पाये जाने से इस्तगासा क्रमांक 38/2022 धारा 41(1-4) जा.फौ., 379,34 भादवि., 3,7 ईसी एक्ट कायम कर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक मयंक मिश्रा चौकी प्रभारी हरदीबाजार, सउनि. विजय सिंह, प्रआर. ओमप्रकाष बैस, आरक्षक कमल कैवर्त, आरक्षक संजय चन्द्रा, आरक्षक प्रवीण राजवाड़े, आरक्षक गौकरण श्याम, आरक्षक हरिराम पटेल का महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# भाजपा ने पाकिस्तानी विदेशमंत्री का पुतला फूंका

- संवाददाता -
सूरजपुर, 17 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

भाजपा ने जिला मुख्यालय सूरजपुर के अग्रसेन चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में पाकिस्तानी विदेशी मंत्री का पुतला फूंका। देश मे पाकिस्तानी विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के बयान के खिलाफ जमकर आक्रोश देखने को मिल रहा है।आज पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी ने सभी जिला मुख्यालयों पर पाकिस्तानी विदेश मंत्री का पुतला जलाकर आक्रोश प्रकट किया।इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल,रामकृपाल साहू, राजेश अग्रवाल, मुरली सोनी, रितेश गुप्ता,अनूप सिन्हा, पुष्पा सिंह, थलेश्वर साहू,संदीप अग्रवाल, शशि तिवारी,कौशल सिंह, राजेश्वर तिवारी,अजय अग्रवाल, रविंद्र भारती, प्रदीप द्विवेदी, शशिकांत गर्ग, रामानंद जायसवाल, लक्ष्मी राजवाड़े,शशि भूषण सिंह,दीपक गुप्ता,आनंद सोनी ,कपिल पाण्डेय,सूरज सेट्ठी, प्रमोद तायल,दुर्गाशंकर जायसवाल ,सत्यनारायण जायसवाल, राजेश यादव,दीना यादव, भोला साहू,किशन देवांगन, सरोज साहू ,अनिता तिवारी ,अजय सिंह, राजू देवांगन, सुरजन राजवाड़े,संस्कार अग्रवाल,आनंद शर्मा मौजूद रहे।

# नया ट्रांसपोर्ट नगर मामले में कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा दिवंगतों का नाम जारी करने पर भाजपा नेताओं ने जताई नाराजगी

- संवाददाता -
कोरबा, 17 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।


जिले के ग्राम बरबसपुर में नया ट्रांसपोर्ट नगर बसाए जाने को लेकर कांग्रेस और भाजपा के बीच मची तकरार के मध्य भाजपा नेताओं ने कोरबा प्रेस क्लब में पत्रवार्ता आहूत कर कहा कि दिवंगत लोगों के नाम पर इस तरह से राजनीति करना हल्का प्रदर्शन है। भाजपा दिवंगत लोगों का नाम इस तरह से बेवजह सार्वजनिक किए जाने पर घोर निंदा करता है और नाम उजागर करने वाले जिला कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप जायसवाल को सार्वजनिक रूप से क्षमा याचना करनी चाहिए। वही भाजपा जिला कोषाध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि नया ट्रांसपोर्ट नगर बरबसपुर को लेकर उत्पन्न विवाद में दुर्भावनापूर्वक उनका नाम जोड़कर प्रतिष्ठा को आघात पहुंचाया गया है। जबकि लगभग 07 वर्ष पूर्व दिवंगत हो चुके पिता और 15 वर्ष पूर्व दिवंगत हो चुकी माता के नाम को विवाद में जोड़ दिया गया , जो कि घोर आपत्तिजनक और निंदनीय है। कांग्रेस की विज्ञप्ति में खसरा नंबर 233/1, 243/2, 233/3 की जिस जमीन का उल्लेख किया गया है वह 20 वर्ष पूर्व मेरे पिताजी ने खरीदी थी। उस समय नया ट्रांसपोर्ट नगर बरबसपुर में बसाने का कोई प्रस्ताव तो क्या किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। निजी उपयोग के लिए जमीन खरीदी गई थी,इसलिए विवाद में हमारा नाम जोड़ना गलत है। प्रस्तावित नया ट्रांसपोर्ट नगर से यह भूमि 02 किलोमीटर दूर है । गोपाल मोदी ने कहा कि कांग्रेसी नेता राजनीति के नाम पर लोगों का चरित्र हनन करते हैं,ऐसी राजनीति नहीं होनी चाहिए। वही उन्होंने सुझाव दिया कि कांग्रेसी नेताओं को इससे बचना चाहिए।




वहीं प्रेस वार्ता में उपस्थित प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष लखनलाल देवांगन ने कहा कि जिस तरह की राजनीति हो रही है,वह गलत है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पूर्व महापौर जोगेश लांबा ने कहा कि राजनीति में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए। किसी के परिवार को इसमें घसीटा जाना उचित नहीं । वही जिला भाजपा के पूर्व महामंत्री नवीन पटेल ने कहा कि बरबसपुर तो क्या पूरे कोरबा में कोई भी जमीन उनके या परिजन के नाम पर नहीं है। रही बात राखड़ की तो इस मामले में प्रशासन व शासन को सख्त कदम उठाने चाहिए। यह कोई आज का मुद्दा नहीं बल्कि वर्षों से राख इधर-उधर फेंकी की जा रही है लेकिन इस पर कोई लगाम नहीं लगी है। मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए राखड़ को बीच में लाया गया ,वरना शहर से लेकर गांव तक और कस्बों में राखड़ जहां-तहां फेंकी जा रही है और लोगों ने इसकी शिकायत भी कई बार की है तो क्षेत्र के विधायक को यह नजर क्यों नहीं आयी क्यों 04 साल बाद उन्हें यह नजर आयी ।राखड़ संभंधित मामलों में जिम्मेदार संयंत्र प्रबंधन और ठेकेदारों तथा अधिकारियों पर भी कार्यवाही होनी चाहिए। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक चावलानी ने कहा कि बरबसपुर में नया ट्रांसपोर्ट नगर बसाने की योजना के बाद प्लानिंग के तहत राजस्व मंत्री के परिजन और करीबी के नाम जमीन खरीदी गई जिसकी ऋण पुस्तिका और रिकॉर्ड भी है। यहाँ बताना लाजमी होगा के पिछले दिनों जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने भाजपा नेताओं की जमीन संबंधी लिस्ट जारी की थी। कांग्रेस की ओर से जारी अध्यक्ष के बयान के बाद भाजपा नेताओं ने अपनी बात रखी है। इससे पहले भाजपा की ओर से राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल उनके करीबी व परिजनों के नाम से बरबसपुर में खरीदी गई जमीन सार्वजनिक की गई थी।समय के साथ आने वाले दिनों में नए ट्रांसपोर्ट नगर को लेकर और भी तूल पकड़ने के आसार है।

C M Y K

# फीफा वर्ल्ड कप 2022 के फाइनल मुकाबले में चर्चा में रहेंगे ये खिलाड़ी



**दोहा,17 दिसम्बर 2022।** अर्जेंटीना और फ्रांस के बीच रविवार को यहां होने वाले विश्वकप फाइनल में एक तरफ जहां लियोनेल मेस्सी होंगे वहीं दूसरी तरफ उन्हें टक्कर देने के लिए काइलियन एमबापे होंगे। मेस्सी इससे पहले भी फाइनल में खेल चुके हैं लेकिन उनकी टीम 2014 में जर्मनी से हार गई थी। एमबापे के रहते हुए फ्रांस ने 2018 में क्रोएशिया को हराकर विश्वकप जीता था। इन दोनों सहित जिन अन्य खिलाड़ियों पर विश्वकप फाइनल में नजर टिकी रहेगी, उनकी जानकारी इस प्रकार है। लियोनेल मेस्सी- पैंतीस वर्षीय मेस्सी अर्जेंटीना की टीम के दिल और आत्मा दोनों हैं।

वह टूर्नामेंट में अब तक पांच गोल कर चुके हैं और इस मामले में संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। जब भी गोल करने का मौका हो तब मेस्सी की फुर्ती देखने लायक होती है। विश्व कप का खिताब उन्हें डियागो माराडोना के समान 'आइकन' का दर्जा दिला देगा। जुलियन एल्वारेज - एल्वारेज ने टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ लगातार अच्छा प्रदर्शन किया और उन्होंने अब तक चार गोल दागे हैं। मैनचेस्टर सिटी की तरफ से खेलने वाले इस 22 वर्षीय खिलाड़ी का तेज दौड़ लगाने में कोई सानी नहीं है। उन्होंने क्रोएशिया के खिलाफ सेमीफाइनल में टीम की 3-0 से जीत में मेस्सी के साथ शानदार जोड़ी बनाई थी।

**एमिलियानो मार्टिनेज:** अर्जेंटीना का यह गोलकीपर छह फुट चार इंच लंबा है। यदि फाइनल मैच पेनल्टी शूटआउट तक खिंचता है तो फिर मार्टिनेज की भूमिका अहम होगी। उन्होंने नीदरलैंड के खिलाफ क्वार्टर फाइनल और पिछले साल कोपा अमेरिका के सेमीफाइनल में पेनल्टी शूटआउट में अर्जेंटीना को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। नहुएल मोलिना- मोलिना ऊर्जावान फुल बैक है और उनमें मजबूत डिफेंडर होने के सभी लक्षण मौजूद है। एटलेटिको मैड्रिड के 24 वर्षीय खिलाड़ी मोलिना को अपने आक्रामक रवैये के लिए भी जाना जाता है।

**एंजो फर्नांडीज:** फर्नांडीज ने टूर्नामेंट की शुरुआत स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में की थी लेकिन अर्जेंटीना के मैक्सिको पर जीत में गोल करने के बाद वह टीम के मुख्य खिलाड़ी बन गए। वह अर्जेंटीना की मध्य पंक्ति के प्रमुख खिलाड़ी हैं। **काइलियन एमबापे** :अर्जेंटीना के लिए एमबापे सबसे बड़े खतरनाक खिलाड़ी हैं जो अपनी तेजी और गोल करने में महारत के लिए जाने जाते हैं। पेरिस सेंट जर्मेन की तरफ से खेलने वाला यह 23 वर्षीय स्ट्राइकर विश्व कप में अभी तक मेस्सी के समान पांच गोल दाग चुका है। अर्जेंटीना के खिलाफ जीत दर्ज करने पर वह महानतम खिलाड़ियों में शामिल हो जाएंगे।

**एंटोनियो ग्रीजमैन :** इकतीस वर्षीय ग्रीजमैन इस विश्वकप में फ्रांस के लिए महत्वपूर्ण खिलाड़ी साबित हुए हैं। एटलेटिको मैड्रिड के इस स्ट्राइकर ने अपने कौशल में रक्षात्मक गुण भी जोड़े हैं। फाइनल में मेस्सी के साथ उनका मुकाबला देखने लायक होगा। **ह्यूगो लोरिस :** टोटेनहैम की तरफ से खेलने वाले 35 वर्षीय ह्यूगो लोरिस पहले ऐसे कप्तान बनने की राह पर हैं जिन्होंने दो विश्वकप जीते। वह मितभाषी हैं लेकिन अपने काम को अच्छी तरह से अंजाम देते हैं। फ्रांस की तरफ से सर्वाधिक मैच खेलने का रिकॉर्ड उन्हीं के नाम पर है। राफेल वरान - फ्रांस की रक्षापंक्ति की मजबूत कड़ी हैं 29 वर्षीय राफेल वरान।

वह अपने करियर में चोटों से जूझते रहे हैं लेकिन अब अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए तैयार हैं। रियाल मैड्रिड को चार बार चैंपियंस लीग का खिताब दिलाने में उनकी भूमिका अहम रही है। **ऑरेलियन टचौमेनी:** टचौमेनी पिछले चार साल से पाल पोग्बा की जगह मध्य पंक्ति में अपनी भूमिका पूरी निष्ठा के साथ निभा रहे हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ गोल करके पोग्बा जैसे करारे शॉट जमाने की अपनी काबिलियत का अच्छा नमूना पेश किया था। अर्जेंटीना को मध्य पंक्ति में उनसे पार पाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ेगी।

## शेफाली ने कहा

## कि ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलना पुरुषों की टीम से खेलने जैसा लगता है

**नई दिल्ली ,17 दिसम्बर 2022।** शेफाली वर्मा को छक्के जड़ने में आनंद आता है लेकिन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के खिलाफ करारे शॉट खेलने के आनंद का कोई सानी नहीं, क्योंकि इस सलामी बल्लेबाज को उनके खिलाफ खेलने से लगता है जैसे वह किसी पुरुष टीम का सामना कर रही है। शेफाली ने 15 साल की उम्र में भारत की तरफ से पदार्पण करने के बाद लंबा रास्ता तय किया है और उन्होंने स्मृति मंधाना के साथ मिलकर महिला क्रिकेट की सबसे आक्रामक सलामी जोड़ी बनाई है। पहले दो मैचों में असफल रहने के बाद शेफाली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले मैच में 41 गेंदों पर 52 रन बनाए थे जिसमें छह चौके और तीन छक्के शामिल हैं। शेफाली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टी20 मैच की पूर्व संध्या पर कहा,'' मुझे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना पसंद है। ऐसा लगता है कि लड़कों के खिलाफ ही खेल रहे हैं। '' उन्होंने कहा,'' जब मैं (ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ) चौका जड़ती हूं तो मेरा मनोबल बढ़ता है और मुझे लगता है कि मैंने एक खिलाड़ी के रूप में सुधार किया है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट की सर्वश्रेष्ठ टीम है।'' शेफाली ने कहा,'' जब मैं इंग्लैंड या किसी अन्य टीम के खिलाफ चौके लगाती हूं तो मुझे इतनी खुशी नहीं मिलती।'' इस सलामी बल्लेबाज ने कहा, '' जब मैं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलती हूं तो ऐसा लगता है जैसे पुरुष टीम का सामना कर रही हूं क्योंकि उनका खेल ही इस तरह का है। अगर उनको आपकी छोटी सी गलती का भी पता चलता है तो वे उसका फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। इसलिए हमें उनके खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ खेल खेलना होता है।

# विश्व चैम्पियन राइफल निशानेबाज रूद्रांक्ष और मोदगिल को प्रेसिडेंट्स कप के चेक का इंतजार

**नई दिल्ली ,17 दिसम्बर 2022।** भारत के युवा विश्व चैम्पियन राइफल निशानेबाज रूद्रांक्ष पाटिल को नहीं पता कि उन्हें प्रतिष्ठित प्रेसिडेंट्स कप जीतने के लिये 15,000 यूरो (करीब 13.25 लाख रूपये) राशि का चेक का कब मिलेगा और ऐसा अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी महासंघ (आईएसएसएफ) में सत्ता परिवर्तन के कारण हुआ है। आईएसएसएफ प्रेसिडेंट्स कप में प्रत्येक व्यक्तिगत ओलंपिक स्पर्धा के 12 शीर्ष एथलीट 2022 विश्व रैंकिंग के हिसाब से हिस्सा लेते हैं जिसकी पुरस्कार राशि इस साल 792,000 यूरो थी। प्रत्येक स्पर्धा में 66,000 यूरो की पुरस्कार राशि थी जिसमें विजेता को 15,000 यूरो मिलने थे।


दुनिया के नंबर एक निशानेबाज रूद्रांक्ष ने तीन दिसंबर को कैरो में साल के अंतिम आईएसएसएफ



प्रेसिडेंट्स कप 2022 की पुरूष 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में इटली के दानिलो सोलाजो को हराकर पहला स्थान हासिल किया था। लेकिन इस 19 साल के निशानेबाज को अभी तक यह पुरस्कार राशि नहीं मिली है क्योंकि विश्व संचालन संस्था आईएसएसएफ के प्रमुख व्लादिमीर लिसिन अपनी वित्तीय प्रतिबद्धता पूरी करने में असफल रहे हैं जिन्हें वैश्विक संचालन संस्था के प्रमुख पद से हटा दिया।

एक अन्य भारतीय निशानेबाज अंजुम मोदगिल ने 50 मीटर राइफल थ्री पाजिशंस स्पर्धा में रजत पदक जीता था और उन्हें 7500 यूरो मिलने थे। रूद्रांक्ष के पिता बालासाहेब पाटिल ने शुक्रवार को पीटीआई से कहा, ''उन्होंने (आईएसएसएफ) ने पुरस्कार राशि की घोषणा की थी और अब वे इसमें विलंब कर रहे हैं। यह ठीक नहीं है लेकिन हम क्या कह सकते हैं। '' पता चला है कि इटली के लुसियानो रोसी की अध्यक्षता में आईएसएसएफ इस प्रतिबद्धता को पूरी करने की पूरी कोशिश करेगा।

पाटिल ने कहा, ''पिछले आईएसएसएफ अध्यक्ष (लिसिन) पुरस्कार राशि का प्रायोजन कर रहे थे। फिर चुनाव आ गये और उन्हें हटा दिया गया। इसलिये सभी प्रायोजकों ने प्रायोजन रद्द कर दिया। मुझे उम्मीद है कि वे (आईएसएसएफ) एक या दो महीने में इस प्रतिबद्धता को पूरा कर पायेगा लेकिन अभी इस पर अनिश्चितता बनी हुई है। '' हालांकि उन्होंने कहा कि रूद्रांक्ष की ट्रेनिंग पर इसका असर नहीं पड़ा है।



# फीफा विश्व कप 2022 के फाइनल मुकाबले से पहले अर्जेंटीना के फैंस में दिखा गजब का उत्साह

### फैंस के लिए मुचाचोस बना विश्वकप गान

**दोहा,17 दिसम्बर 2022।** फीफा विश्व कप 2022 अब अपने अंजाम तक पहुंचने वाला है। 18 दिसंबर को फ्रांस और अर्जेंटीना के बीच फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। इस मुकाबले को लेकर दोनों ही टीमों के फैंस में खासा क्रेज देखने को मिल रहा है। कतर की सड़कों पर फैंस अपनी टीमों का समर्थन करते दिख रहे है।

इसी बीच अर्जेंटीना के फुटबॉल प्रशंसकों के बीच विश्वकप में मुचाचोस बेहद लोकप्रिय अनाधिकृत गीत बन गया है जिसमें डियागो माराडोना से लेकर लियोनेल मेस्सी तक का जिक्र है। यह गीत एक फुटबाल प्रशंसक ने लिखा है जिसमें माराडोना और मेस्सी के अलावा अर्जेंटीना के चिर प्रतिद्वंदी ब्राजील का जिक्र भी है।

इस गीत में फाकलैंड युद्ध में मारे गए अर्जेंटीनी सैनिकों को भी श्रद्धांजलि दी गई है। अर्जेंटीना 1982 में ब्रिटेन से हुए इस युद्ध में हार गया था। इस गीत के बोल हैं, '' दोस्तों अब हम फिर से अपनी उम्मीद जगा रहे हैं। मैं तीसरी बार जीतना चाहता हूं, मैं विश्व चैंपियन बनना चाहता हूं।''

मेस्सी और उनके साथियों ने भी प्रत्येक जीत पर इस गीत के साथ जश्न मनाया। यह गीत स्टेडियमों के अलावा दोहा की सड़कों और अर्जेंटीना के हर शहर और गांव में गाया जा रहा है।

# चौथे दिन का खेल समाप्त

**» जीत से चार कदम दूर भारत,**

**» बांग्लादेशी बल्लेबाजों ने भारतीय गेंदबाजों की ली परीक्षा**

**ढाका,,17 दिसम्बर 2022।** भारत और बांग्लादेश के बीच पहले टेस्ट मुकाबले का चौथा दिन समाप्त हो गया है। चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक बांग्लादेश की टीम ने दूसरी पारी में 272 रन बना लिए थे। इस टेस्ट मैच को जीतने के लिए बांग्लादेश को 241 रनों की जरूरत है। वहीम भारत को सिर्फ चार विकेट चाहिए। 513 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की टीम ने अब तक शानदार बल्लेबाजी की है। भारतीय गेंदबाज बांग्लादेश के बल्लेबाजों के समक्ष संघर्ष करते नजर आए। बांग्लादेश का पहला विकेट 124 रनों के स्कोर पर गिरा। इसके बाद भी बांग्लादेश के बल्लेबाजों के बीच छोटी-छोटी साझेदारी जरूर हुई है। भारतीय गेंदबाजों का बांग्लादेश के बल्लेबाजों ने डटकर सामना किया। यही कारण है कि चौथी पारी में भी बांग्लादेश की टीम ने अब तक 272 रन बनाए हैं।



रविवार को पांचवे दिन का खेल शुरू होगा। पांचवे दिन बांग्लादेश को जीत के लिए 241 रन चाहिए होगा। वहीं, भारत 4 विकेट हासिल करके इस मुकाबले में जीत दर्ज करना चाहेगा। बांग्लादेश की ओर से फिलहाल कप्तान शाकिब अल हसन 40 रन बनाकर नाबाद है। उन्होंने 69 गेंदों का सामना किया है जिसमें 3 चौके और दो छक्के जमाए हैं। वहीं, मेहंदी हसन मिराज ने 40 गेंदों में 9 रन बनाए हैं। भारत की ओर से एक सफलता उमेश यादव को मिली है। एक रविचंद्रन अश्विन को और कुलदीप यादव को भी एक सफलता मिली है। तीन सफलता अक्षर पटेल के हाथ गई है। आपको बता दें कि पहली पारी में भारी लीड मिलने के बाद भारत ने 258 रनों के स्कोर पर अपनी दूसरी पारी घोषित कर दी थी। इसी के बाद बांग्लादेश को 513 रनों का विशाल लक्ष्य मिला था।

सलामी बल्लेबाज जाकिर हसन ने अपने पदार्पण टेस्ट मैच में ही शतक जमाया। स्टंप उखड़ने के समय उनके साथ मेहदी हसन मिराज नौ पर खेल रहे थे। जाकिर ने पहले दोनों सत्र में एक छोर संभाले रखा था लेकिन तीसरे सत्र के शुरू में ही शतक पूरा करने के बाद उनकी एकाग्रता भंग हो गई। वह अक्षर पटेल पर चौका लगाकर अपने पदार्पण टेस्ट मैच में ही सैकड़ा जड़ने वाले चौथे बांग्लादेशी बल्लेबाज बने। उनसे पहले अमीनुल इस्लाम, मोहम्मद अशरफुल और अबुल हसन ने यह उपलब्धि हासिल की थी। अमीनुल ने भारत के खिलाफ यह कारनामा किया था। लेकिन अश्विन के अगले ओवर में गेंद जाकिर के बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर पैड से टकराई और हवा में उछल गई जिसे कैच करने में विराट कोहली ने कोई गलती नहीं की।

# सुसाइड करना चाहता था,बॉलीवुड के इस एक्टर ने सालों बाद बयां किया अपना दर्द

एक समय था जब बॉलीवुड इंडस्ट्री में विवेक ओबेरॉय का बोलबाला था. अभिनेता कई लड़कियों का क्रश हुआ करते थे. लेकिन अचानक फिर एक ऐसा भी फेज आया जब विवेक इंडस्ट्री से गायब हो गए. जानते हैं कि आखिर ऐसा क्या हुआ, जो उनका बना बनाया करियर यूं बर्बाद हो गया.

### एक्टर ने किया शॉकिंग खुलासा

अपनी फैमिली के बारे में चर्चा करते हुए विवेक ने कहा,उन्होंने वो दिन भी देखे हैं, जब उनके पास डेढ़ साल तक कोई काम नहीं था. वो फिल्मों के ऑडिशन देने जाते थे. वो भी बिना ये बताये कि विवेक ओबेरॉय, सुरेश ओबेरॉय के बेटे हैं. इस दौरान उनके मन में कई बुरे ख्याल आए. यहां तक उन्होंने सब खत्म करने का फैसला भी ले लिया था. विवेक कहते हैं, मैं अपने आसपास की निगेटिविटी से बहुत परेशान हो गया था. शायद यही एजेंडा था. ये एजेंडा कभी-कभी आपको मानसिक रूप से तोड़ देते हैं. इस समय प्रियंका ने मेरी जिंदगी में अहम रोल अदा किया है. उसकी वजह से मैं जान पाया कि वास्तव में मैं कौन हूं. आगे वो कहते हैं, सब कुछ खत्म करने का मतलब गहरा है. इसलिए वो उस दर्द को महसूस कर सकते हैं, जिस दर्द से सुशांत सिंह राजपूत और बाकी लोग गुजरे हैं

### सलमान से झगड़े के बाद हुआ था यह हाल

विवेक पहले भी यह दावा कर चुके हैं कि वे बॉलीवुड के लॉबी कल्चर के शिकार हुए हैं. लेकिन उन्होंने कभी किसी का नाम नहीं लिया. हालांकि, यह बात सभी जानते हैं कि उनका यह बुरा दौर तब आया था, जब सुपरस्टार सलमान खान से उनका झगड़ा हुआ था. यह 2003 की बात है. उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस होस्ट कर दावा किया था सलमान खान ने 29 मार्च की रात 12:30 बजे से सुबह के 5 बजे तक उन्हें 41 फोन कॉल किए थे और गंदी-गंदी गालियां दी थीं. यहां तक की विवेक ने सलमान पर जान से मारने की धमकी का आरोप भी लगाया था. खुद विवेक ने बाद में



डायरेक्टर फराह खान के चैट शो 'तेरे मेरे बीच में' में इस बात को स्वीकार किया था कि इस घटना के बाद उनका करियर तबाह हो गया था. उनके मुताबिक़, रातों-रात उन्हें फिल्मों से बाहर कर दिया गया, साइनिंग अमाउंट वापस ले लिया गया और अवॉर्ड्स शो में उनकी एंट्री पर बैन लगा दिया गया

### ऐश्वर्या राय के जिंदगी में आते ही हुआ बवाल

2002 में फिल्म 'कंपनी' से बॉलीवुड डेब्यू करने वाले विवेक ओबेरॉय 2003 में 'क्यों हो गया ना' में अपनी को-स्टार रहीं ऐश्वर्या राय के साथ अफेयर की ख़बरों के कारण चर्चा में आ गए थे. उस दौरान ऐश्वर्या का सलमान से ब्रेक हुआ था और उन्हें विवेक के साथ उनकी नजदीकियां नागवार गुजरी थीं. यह विवादित लव-हेट ट्राएंगल काफी चर्चा में रहा था. क्योंकि सलमान और विवेक के बीच झगड़े की बात सामने आने के बाद ऐश्वर्या ने अपने आपको विवेक से भी अलग कर लिया था.




# वेलकम 3 के टाइटल ट्रैक से उठा पर्दा, कॉमेडी के साथ देशभक्ति का भी होगा टच

वेलकम 3 एक तरफ हेरा-फेरी के तीसरे पार्ट को लेकर माहौल बना हुआ है वहीं दूसरी तरफ साल 2007 में आई कॉमेडी फिल्म वेलकम के तीसरे भाग को लेकर बड़ी जानकारी आई है। इस फिल्म को लेकर बताया जा रहा है कि फिल्म में कॉमेडी के साथ ही देशभक्ति का टच भी होगा। फिल्म का पहला भाग लोगों के बीच खूब पॉपुलर हुआ था। इसके बाद साल 2015 में इसका दूसरा पार्ट वेलकम 2 रिलीज हुई। इस फिल्म में जॉन अब्राहम और श्रुति हासन नजर आए थे। हालांकि फिल्म कुछ ज्यादा नहीं चली और दर्शकों को फिल्म रास नहीं आई। दर्शकों को फिल्म के दूसरे भाग में अक्षय कुमार की कमी काफी खली थी। अनिल कपूर और नाना पाटेकर इस फिल्म में भी अपने पुराने रोल में थे। अब इस फिल्म के तीसरे पार्ट के टाइटल का एलान हो गया है। तीसरी फ्रेंचाइजी का नाम है- वेलकम टू द जंगल।

एक इंटरव्यू के दौरान फिरोज नाडियाडवला ने कहा कि इसमें एक बड़ी स्टार कास्ट होगी। सभी मेन किरदार एक्शन करते दिखेंगे, जिसमें एक्ट्रेसेज भी शामिल हैं। फिल्म की कहानी के बारे में फिरोज ने बताया कि 'वेलकम टू द जंगल' में भी वो जोरदार कॉमेडी और एंटरटेनमेंट होगा जिसके लिए इस फ्रैंचाइजी को जाना जाता है। इसके साथ ही ये मिलिट्री एक्शन बैकग्राउंड पर होगी। उन्होंने कहा कि इस फिल्म की प्रोडक्शन वैल्यू और भव्यता ऐसी होगी जो आजतक देखी नहीं होगी। फिरोज ने बताया कि वेलकम 3 में देशभक्ति का टच भी होगा और इसमें इमोशंस भी होंगे। वो फिल्म के लिए असली एक्स-मिलिट्री लोगों को लेकर आ रहे हैं जो बंदूकें, आरपीजी और मिसाइल हैंडल करना बताएंगे। उन्होंने बताया कि इस फिल्म को या तो जम्मू और कश्मीर या फिर यूरोप के कुछ हिस्सों में शूट किया जाएगा, जहां घने जंगल हैं। तो ये सब शूटिंग के समय के मौसम और टाइम पर निर्भर करता है।














# एयरपोर्ट पर ये क्या पहनकर पहुंच गई जान्हवी,देखते ही ट्रोलर्स ने उड़ाई खिल्ली

जान्हवी कपूर अक्सर अपनी दिलकश अदाओं से फैंस के दिलों पर बिजली गिराती रहती हैं। इसी बीच उनका लेटेस्ट लुक काफी सुर्ख़ियों में छा गया है। एक्ट्रेस अपने इस नए लुक में काफी स्टाइलिश दिख रही हैं। दरअसल, एयरपोर्ट पर फोटोग्राफरों के कैमरे में कैद हुई जान्हवी ने काले रंग की लांग ड्रेस पहन रखी थी। जिसकी ऑफ शोल्डर और बॉडी फिटिंग डिजाइन इसे बोल्ड लुक दे रही थी। वहीं लेटेक्स फैब्रिक से तैयार इस ड्रेस की फिटिंग कमाल की थी। जिसमे पीछे की तरफ स्लिट बनी थी। इतनी गॉर्जियस ड्रेस के साथ जान्हवी ने खुले बालों और सॉफ्ट कोहल आई मेकअप के साथ लुक को पूरा किया था।ब्लैक स्ट्रैपी हील्स पहने जान्हवी काफी हसीन दिख रही थी। उनका ये लुक पार्टी के लिए बिल्कुल परफेक्ट था। हालांकि एयरपोर्ट पर इतना सजधज कर पहुंची जान्हवी को देख लोगों ने ट्रोल कर दिया। जान्हवी के वीडियो और तस्वीरों के सामने आते ही लोग कमेंट करने लगे। एक यूजर ने लिखा- 'ऐसे कपड़े एयरपोर्ट पर कौन पहनता है।' अवॉर्ड शो से सीधा एयरपोर्ट पहंची जान्हवी को देख एक यूजर ने लिखा कि लुकिंग सुपरहॉट लेकिन ट्रैवल में ऐसे कपड़े कौन पहनता है। हालांकि बता दें कि जान्हवी कपूर ब्लैक लेदर ऑफ शोल्डर ड्रेस में अवॉर्ड शो में पहुंची थी। जिसके साथ मैचिंग के ब्लैक लेदर ग्लव्स को पेयर किया था। जान्हवी का ये लुक अवॉर्ड शो के लिए बिल्कुल परफेक्ट दिख रहा था। जिसमे वो हमेशा तरह ही सिजलिंग नजर आ रही हैं।



छत्तीसगढ़ गौरव दिवस

# मुख्यमंत्री ने तीन बड़ी घोषणाओं का किया ऐलान

### मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा के लिए सीएम ने किया 1000 करोड़ रुपए का ऐलान

**रायपुर,17 दिसम्बर 2022(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज छत्तीसगढ़ गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में 33 करोड़ 96 लाख रूपए की लागत के 14 कार्यो का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। उन्होंने इनमें से 30 करोड़ 13 लाख रूपए की लागत के 12 कार्यो का भूमिपूजन और 3.83 करोड़ रूपए की लागत के दो कार्यो का लोकार्पण किया।

इसी के साथ ही सीएम ने 'मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा' की घोषणा करते हुए इस योजना के लिए 100 करोड़ रूपए देने का ऐलान किया। दूसरा, सभी शालाओं, छात्रावासों, आश्रमों, शासकीय भवनों के रख रखाव और उन्नयन के लिए एक हजार करोड़ रूपए तथा तकनीकी शिक्षा के स्तर में सुधार हेतु औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं के उन्नयन के लिए 'स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट आईटीआई योजना' की घोषणा करते हुए इस योजना के लिए 1200 करोड़ रूपए देने की घोषणा की ।



## छत्तीसगढ़ को मिली बड़ी सौगात

नवा रायपुर में 4 करोड़ 86 लाख रूपए की लागत से बनने वाले संत शिरोमणी गुरू घासीदास बाबा स्मारक एवं संग्रहालय
दुर्ग जिले के ग्राम परसदा में 9.39 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले अनुसूचित जाति(प्रयास) वर्ग के विद्यार्थियों के लिए स्कूल सह कोचिंग केन्द्र भवन
-बेमेतरा जिले के साजा में 1.52 करोड़ रूपए की लागत से 50 सीटर प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास
-मुंगेली जिले के बरमपुर में 50 सीटर प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास
-लागत 1.52 करोड़ रूपए, मझगांव में 50 सीटर प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास
-लागत 1.52 करोड़ रूपए, लोरमी में 50 सीटर प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास
-लागत 1.52 करोड़ रूपए, लोरमी में ही 50 सीटर प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या आश्रम
-लागत 1.62 करोड़ रूपए, फास्टरपुर में 50 सीटर पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास
-लागत 1.91 करोड़ रूपए, लोरमी में 50 सीटर प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति कन्या छात्रावास
-लागत 1.52 करोड़ रूपए, रायपुर के मंदिर हसौद में 50 सीटर प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास
-लागत 1.52 करोड़ रूपए, रायपुर जिले के भिलाई में 50 सीटर प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास
इसके अलावा लागत 1.52 करोड़ रूपए और कबीरधाम जिले के ग्राम डबराभांठ में 1.62 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले 50 सीटर अनुसूचित जाति कन्या आश्रम का भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने बेमेतरा के साजा में 50 सीटर पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास, लागत 1.91 करोड़ रूपए और राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव में 1.91 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले 50 सीटर पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जनजाति कन्या छात्रावास का लोकार्पण किया।

## रकबा बढ़ाकर किया लाखों का धान घोटाला

### पुलिस ने बिचौलिए को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**रायगढ़ ,17 दिसम्बर 2022(ए)।** जिले के लैलूंगा ब्लॉक के कुछ धान खरीदी केंद्रों में खेतों का रकबा वृद्धि कर धान की बोगस खरीदी का मामला उजागर होने के बाद पुलिस में मामला दर्ज किया गया। इस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने रसूखदार बिचौलिए राहुल निगानिया की गिरफ्तारी करके हड़कंप मचा दिया है

### किसानों को पता नहीं, और बढ़ गया रकबा

इस मामले की प्रारंभिक जांच में यह खुलासा हुआ है कि बिचौलिए राहुल निगानिया ने अवैध तरीके से एकत्र धान को बेचने के लिए किसानों की जमीन के खाते लेकर उसके आधार पर समितियों में धान बेचा। यही नहीं उसने मिलीभगत करके किसानों के खेतों का रकबा याने क्षेत्रफल बढ़ा लिया और



निर्धारित मात्रा से ज्यादा धान बेच दिया। इसके अलावा उसने जो राशि किसानों के खाते में आई उसे भी निकाल लिया। इस पूरे मामले में राजपुर और लैलूंगा मंडी में राहुल निगानिया ने तहसील कार्यलय नोडल अधिकारी सहित मंडी आपरेटर से सांठ-गांठ कर यह धोखाधड़ी की।

### किसानों की शिकायत पर मामला हुआ उजागर

धोखाधड़ी के शिकार किसानों ने अपने बयान में बताया कि ना तो उन्होंने रकबा वृद्धि के लिए कोई आवेदन कार्यलय को दिया है, ना ही मंडी में स्वयं के द्वारा धान बेचा गया हैं और ना किसी दूसरे को अपने खाते में धान बेचने की इजाजत दी है। धान बिक्री के बाद भुगतान खातों में आने के बाद बिचौलिए राहुल निगानिया ने राशि निकाल ली है। इसमें करोड़ों की राशि हड़पने की बात सामने आ रही है।

## राजधानी में न्यू ईयर के लिए गाइडलाइन जारी

### पालन नहीं करने पर होगी कार्रवाई

**रायपुर, 17 दिसम्बर 2022(ए)।** राजधानी रायपुर में नए साल के जश्न के लिए गाइड लाइन जारी कर दी गई है। पुलिस एवं जिला प्रशासन ने न्यू ईयर सेलिब्रेशन को लेकर सभी मैरिज पैलेस, क्लब, होटल और कैफे संचालकों की एक बैठक ली। जिसमें विभिन्न निर्देश जारी किए गए हैं।

पार्टी के दौरान डीजे साउंड सिस्टम बजाने को लेकर प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि कोलाहल अधिनियम का पूर्ण रूप से पालन किया जाए। अगर इस संबंध में शिकायत प्राप्त होगी तो कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम आयोजन स्थल में सीसीटीवी कैमरा लगाना अनिवार्य होगा।




इवेंट पार्टी में शराब परोसने के लिए लायसेंस लेना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही निर्धारित समय का पालन करना होगा। इसकी जांच के लिए प्रशासन द्वारा जांच दल का गठन किया जाएगा जो कि इवेंट पार्टीज में जाकर चेकिंग करेंगे।

इवेंट पार्टीज आर्गनाइज करने वाले संचालकों को बैठक में साफ कहा गया है कि पार्किंग क्षमता के अनुसार ही वे लोगों को आमंत्रित करें। अगर वाहन रोड में पार्क किए जाएंगे तो गाड़ियों को जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

इसके साथ ही रात 12.30 बजे के बाद कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जाएगा। कार्यक्रम आयोजन की पूर्व सूचना जिला प्रशासन को देकर अनुमति प्राप्त करना होगा।

बैठक में संचालकों को साफ साफ चेतावनी दी गई है कि कार्यक्रम के दौरान अगर किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होगी तो संचालकों और आयोजकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



## प्रदेश के इन चार विवि के आठ कॉलेजों में 4 वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम लागू

### राज्यपाल अध्यादेश पर किये हस्ताक्षर

**रायपुर, 17 दिसम्बर 2022(ए)।** राज्य के हेमचंद विवि -दुर्ग, संत गहिरा गुरू विवि-अम्बिकापुर, अटल बिहारी विवि-बिलासपुर एवं पं. रविशंकर विवि-रायपुर के अंतर्गत स्वशासी महाविद्यालयों में चार वर्षीय उपाधि पाठ्यक्रम लागू करने हेतु विश्वविद्यालयों के अध्यादेश में राज्यपाल अनुसुईया उइके ने हस्ताक्षर कर दिए हैं। इस समय इन विवि के आठ कालेजों में यह पाठ्यक्रम लागू कर दिया गया है। अगले सत्र से सभी कालेजों में लागू करने की अनुमति मिल गई है। नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षा में चार वर्षीय पाठ्यक्रम संबद्ध स्वशासी महाविद्यालयों में, उक्त पाठ्यक्रम लागू करने के लिए इन विवि ने अपने-अपने अध्यादेश राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत किए थे। जिस पर राज्यपाल द्वारा हस्ताक्षर कर दिया गया है। इन स्वशासी महाविद्यालयों में चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम विद च्वाईस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम एण्ड लर्निंग आउटकम बेस्ड करीकुलम फ्रेमवर्क प्रारंभ किए जाने का प्रावधान किया गया है।



## इंडिगो से अब सीधे गोवा और दक्षिण भारत की कर सकते हैं यात्रा



**रायपुर, 17 दिसम्बर 2022(ए)।** पर्यटन के शौकीनों के लिए एक खुशखबरी है। अब रायपुर से सीधे गोवा दो घंटे में पहुंचा जा सकता है। इतना ही नहीं इंडिगो एयरलाइंस की इस विमान सेवा से दक्षिण भारत का सफर भी किया जा सकता है। 7 जनवरी से कोचीन -गोवा-रायपुर और वापसी में रायपुर -गोवा ङ्क कोचीन के लिए उड़ान शुरू हो रहा है।

यह विमान रायपुर से शाम 6.40 बजे टेक ऑफ कर रात 8.40 को गोवा और 11.30 बजे कोचीन लैंड करेगा। इसी तरह से अगले दिन सुबह 6.05 बजे कोचीन से उड़कर 7.30 बजे गोवा और 10 बजे रायपुर पहुंचेगी। इस फ्लाइट के लिए बुकिंग शुरू हो चुकी है।

## महादेव एप पर ईडी का बड़ा एक्शन

### 18 कार्पोरेट अकाउंट फ्रीज

**रायपुर, 17 दिसम्बर 2022(ए)।** महादेव एप के आनलाइन सटोरियों के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छत्तीसगढ़ में पहली बार फेमा एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर ईडी ने अब कार्पोरेट अकाउंट के जरिए विदेशों से लेनदेन करने वाले हैंडलर को गिरफ्तार करने की तैयारी में लगी है। दुर्ग पुलिस ने अब तक 18 कार्पोरेट अकाउंट को फ्रीज कर दिया हैं। इसकी पूरी जानकारी ईडी को सौंपी गई है।

### सुपेला थाना प्रभारी से मांगी संदिग्ध खातों की जानकारी

प्रवर्तन निदेशालय रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय ने 9 दिसंबर को सुपेला थाना प्रभारी को पत्र लिखकर महादेव एप के मामले में अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी मांगी है, जिसमें एफआइआर, चार्जशीट और जिस बैंक के कारपोरेट अकाउंट में लेनदेन हुआ है उसके दस्तावेज मंगाए गए हैं।




विदेशों में पांच हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का लेन-देन के सबूत मिले

ईडी ने इस एप से जुड़े मुख्य सरगना व उनसे जुड़े लोगों को गिरफ्तार करने की योजना बनाई है। ईडी को संकेत मिले हैं कि आनलाइन गेमिंग से विदेशों में पांच हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का लेन-देन किया गया है। जिन खातों का उपयोग किया गया है। वे शैल कंपनियों की खाते की तरह हैं और आशंका है कि मनी लाड्रिंग से काली कमाई सफेद की जा रही है।



## हरियाणा से मंगवाई लाखों की ब्रांडेड शराब जब्त

**रायपुर, 17 दिसम्बर 2022(ए)।** राजधानी रायपुर में नए वर्ष के जश्न के लिए मंगाई गई लाखों रुपए कीमती ब्रांडेड शराब को पुलिस ने पकड़ा है। मामले की जानकारी देते हुए तेलीबांधा थाना प्रभारी भावेश गौतम ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत ज़ोरा इलाक़े में मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर एक घर में पुलिस टीम ने दबिश दी जहां हरियाणा की अवैध शराब के ज़ख़ीरे के साथ एक तस्कर को गिरफ़्तार किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 27 पेटी अंग्रेज़ी शराब के साथ आरोपी विनय गुंजर निवासी अमलीडीह को गिरफ़्तार कर आबकारी एक्ट की धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। ज़ब्त शराब की क़ीमत ढाई लाख रुपयों से अधिक है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)